वर्ष-11 अंक-49 पृष्ठ-8 मूल्यः 3 रुपये

प्रयागराज, शनिवार 26 अप्रैल 2025

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष में प्रसारित

आधुनिक समाचार नेटर्वक

Download From

Adhunik Samachar

11 YEARS ANNIVERSARY

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस मुठभेड़ में तीन शातिर लुटेरे गिरफ्तार, एक बदमाश के पैर में लगी गोली

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**रायबरेली ।** रायबरेली के लालगंज में पुलिस व बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को उनके पास से अवैध तमंचे और लूट का सामान बरामद हुआ है। रायबरेली जिले के लालगंज कोतवाली क्षेत्र के बांदा-बहराइच मार्ग पर अंबारा पश्चिम मोड़ के पास बृहस्पतिवार की देर रात करीब 11:30 बजे पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई जिसमें पुलिस टीम ने तीन



बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपियों के पास अवैध तमंचे व लूट से संबंधित सामान बरामद किया है। पुलिस चेकिंग के दौरान एसओजी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने तीन संदिग्ध बाइक सवारों को घेर लिया। खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश आदित्य वर्मा निवासी जूही थाना, मिलिट्री कैंप, कानपुर के बाएं पैर में गोली लग गई।

### राइस मिल का ड्रायर फटा, पांच मजदूरों की दम घुटने से मौत

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**लखनऊ।** बहराइच के दरगाह थाना क्षेत्र स्थित राइस मिल का ड्रायर फटने से पांच मजदूरों की मौत हो गई। मृतकों में कन्नौज, बिहार और श्रावस्ती के मजदूर शामिल हैं। बहराइच जिले के दरगाह थाना क्षेत्र के मोहल्ला गुलाम अलीपुरा स्थिति रजगढ़िया राइस मिल में ड्रायर फट गया। इससे काम कर रहे पांच मजूदरों की दम घुटने से मौत हो गई।मृतकों की पहचान कन्नौज के गडवना सौर्य निवासी गफ्फार अली (40), बबलू (28), राजनेश कुमार (35), श्रावस्ती के सिरसिया निवासी जहूर (50) व बिहार के बिहारीगंज मदेहपुरा निवासी बिट्टू शाह (30) के रूप में हुई है।वहीं सुखदेव, देवी प्रसाद और सुरेंद्र शुक्ला का इलाज मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में जारी है। दर्दनाक हादसे की सूचना पर डीएम मोनिका रानी, एसपी रामनयन सिंह, एएसपी नगर रामानंद कुशवाहा समेत आला अधिकारी इमरजेंसी पहुंचे है।

## देशभर में खसरा-रूबेला पर लग रही लगाम, जेपी नड्डा बोले- हर बच्चे तक पहुंचे टीका

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** जेपी नड्डा ने कहा कि खसरा-रूबेला उन्मूलन अभियान 2025-26 के तहत बच्चों को खसरा और रूबेला टीके की दो खुराक देकर उन्हें उच्च गुणवत्ता वाला जीवन दिया जा सकता है। इसलिए सभी राज्यों को मिलकर इस टीकाकरण में 100 फीसदी लक्ष्य हासिल करना है।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का कहना है कि भारत में खसरा और रूबेला उन्मूलन अभियान का जमीनी असर दिखाई देने लगा है। इस साल बीते चार महीने के दौरान देश के 332 जिलों में खसरा और 487 जिलों में रूबेला का एक भी नया मामला सामने नहीं आया है। बृहस्पतिवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने विश्व टीकाकरण सप्ताह को लेकर राष्ट्रीय शून्य खसरा-रूबेला उन्मूलन अभियान शुरू किया।उन्होंने बताया कि खसरा-रूबेला उन्मूलन अभियान



2025-26 के तहत बच्चों को खसरा और रूबेला टीके की दो खुराक देकर उन्हें उच्च गुणवत्ता वाला जीवन दिया जा सकता है। इसलिए सभी राज्यों को मिलकर इस टीकाकरण में 100 फीसदी लक्ष्य हासिल करना है। उन्होंने कहा कि तत्काल कार्यवाही की नीति के साथ, हमें एमआर के उन्मूलन को उसी तरह लक्षित करना होगा जिस तरह पोलियो और मातृ एवं नवजात टेटनस उन्मूलन हासिल किया गया था, ताकि कोई भी बच्चा पीछे न छूट जाए। नड्डा ने बताया कि वर्तमान में भारत का एमआर टीकाकरण कवरेज पहली खुराक के लिए 93.7ङ्म और दूसरी के लिए 92.2ङ्म है। नड्डा ने यह भी कहा कि यह अभियान केवल खसरा और रूबेला के खिलाफ टीकाकरण का अभियान नहीं है, बल्कि यह देश के करोड़ों बच्चों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने का एक तरीका है। उन्होंने निगरानी के महत्व को भी रेखांकित किया और कहा कि आईडीएसपी को देश में खसरा और रूबेला के प्रत्येक मामले की निगरानी करनी चाहिए और एक भी मामला अनदेखा नहीं रहना चाहिए।

## नागपुर विश्वविद्यालय की बड़ी खोज, महाराष्ट्र में 3,000 साल पुरानी सभ्यता के अवशेष मिले

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** नागपुर विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने महाराष्ट्र के यवतमाल में लगभग 3,000 साल



पुरानी सभ्यता के अवशेष मिलने का दावा किया है। शोधकर्ताओं का मानना है कि ये अवशेष लौह युग के हैं। नागपुर विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने महाराष्ट्र के यवतमाल में लगभग 3,000 साल पुरानी सभ्यता के अवशेष मिलने का दावा किया है। शोधकर्ताओं का मानना है कि ये अवशेष लौह युग के हैं। नागपुर विवि के पुरातत्व विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रभाष साहू ने बताया कि उनकी टीम ने 2023-24 में यहां बाबुलगांव तालुका के पचखेड़ गांव में खुदाई की थी। विभागाध्यक्ष ने जानकारी दी कि पचखेड़ गांव के बाहर एक टीला है जिसमें पिछले साल खुदाई के दौरान उन्हें एक सांस्कृतिक धरोहर मिली। उनकी टीम का मानना है अवशेष लौह युग के हैं। उन्होंने बताया कि खोजों का सांस्कृतिक क्रम मिट्टी के बर्तनों और कलाकृतियों के अवशेषों के आधार पर लौह युग से शुरू होता है। इसके बाद सातवाहन काल, मध्यकालीन काल और फिर इसे निज़ाम युग के दौरान एक वॉच टावर के रूप में इस्तेमाल किया गया था। रिसर्च टीम को चूना पत्थर के फर्श वाले गोलाकार घर मिले हैं जिनकी परिधि पर लकड़ी के खंभे हैं। इसके अलावा मिले साक्ष्यों में एक पूरा घर, मिट्टी का चूल्हा, मिट्टी के बर्तन, लोहे की वस्तुएं, पत्थरों के मोती, टेराकोटा के मोती और हड्डियों की वस्तुएं शामिल हैं।

## इस्राइल का दावा- हमास और पाकिस्तानी आतंकियों में सीधा संपर्क; कुछ नेता हाल में ही पीओके गए थे

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** इस्राइल ने कश्मीर में



सक्रिय आतंकियों और हमास के बीच सीधे संपर्क का आरोप लगाया है। भारत में इस्राइल के राजदूत रूवेन अजार ने एक इंटरव्यू में कहा, हमास के कुछ नेताओं के हाल में ही पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की यात्रा की थी। इन्होंने पीओके में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों और कुछ अन्य लोगों से मुलाकात की और जैश के आतंकियों के साथ एक रैली को भी संबोधित किया था। इस रैली के वीडियो वायरल हुए थे। जार ने कहा कि पहलगाम हमले और हमास की ओर से अक्तूबर, 2023 में किए गए हमले समानता साफ दिखती है।

## वायु प्रदूषण हमारी समझ से कहीं ज्यादा खतरनाक, शोध में खुलासा अनुमान से काफी अधिक हैं हानिकारक कण

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।**शोधकर्ताओं के अनुसार लंबे समय तक प्रदूषित हवा में सांस लेने से लोगों को सांस संबंधी बीमारियों, हृदय रोगों, मधुमेह, यहां तक कि मस्तिष्क संबंधी समस्याओं जैसे डिमेंशिया तक का खतरा बढ़ जाता है। अब की आवश्यकता भी उजागर होती है।शोधकर्ताओं के अनुसार लंबे समय तक प्रदूषित हवा में सांस लेने से लोगों को सांस संबंधी बीमारियों, हृदय रोगों, मधुमेह, यहां तक कि मस्तिष्क संबंधी समस्याओं जैसे डिमेंशिया तक का खतरा बढ़ जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन



(डब्ल्यूएचओ) के अनुसार पार्टिकुलेट मैटर के अत्यधिक संपर्क से हर साल विश्वभर में करीब 60 लाख लोगों की समय से पहले मौत हो जाती है। अब तक वैज्ञानिक इन कणों को फिल्टर पर इकट्ठा कर विश्लेषण करते थे, जिसमें कई दिन या हफ्तों का समय लगता था। लेकिन नई स्टडी ने तक वैज्ञानिक इन कणों को फिल्टर पर इकट्ठा कर विश्लेषण करते थे, जिसमें कई दिन या हफ्तों का समय लगता था। हवा में मौजूद पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) में अत्यधिक हानिकारक और प्रतिक्रियाशील कणों की मात्रा पहले के अनुमानों से काफी अधिक है। यह चौंकाने वाला खुलासा स्विट्जरलैंड के बेसल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के एक महत्वपूर्ण शोध में हुआ है। यह शोध न केवल वायु गुणवत्ता मापने की मौजूदा पद्धतियों पर सवाल उठाती है बल्कि इससे स्वास्थ्य नीतियों और प्रदूषण नियंत्रण रणनीतियों में आमूलचूल बदलाव दिखाया है कि यह तरीका प्रभावी नहीं है। ऐसा इसलिए क्योंकि आरओएस जैसे अति-प्रतिक्रियाशील यौगिक कुछ ही मिनटों या घंटों में नष्ट हो जाते हैं। इस कारण पारंपरिक मापन विधियों से इन हानिकारक तत्वों की वास्तविक उपस्थिति का सटीक आकलन नहीं हो पाता था। बेसल विश्वविद्यालय की टीम ने एक अभिनव और संवेदनशील मापन प्रणाली विकसित की है, जो हवा से सीधे कणों को तरल माध्यम में एकत्र करती है और रासायनिक प्रतिक्रियाओं के माध्यम से उनकी सक्रियता को तुरंत मापती है।

## 500+ पर्यटक कश्मीर से महाराष्ट्र लौटे; सुरक्षित वापसी पर छलके आंसू, परिजनों ने गले लगाया

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद महाराष्ट्र के 500 से ज्यादा पर्यटक जब कश्मीर से लौटे तो एयरपोर्ट पर भावुक नजारा देखने को मिला। अपनों को सुरक्षित पाकर परिजन रो पड़े, एयरपोर्ट पर अपनों को गले लगाकर प्यार जताया। यात्रियों के आखों में भी राहत देखने को मिली। तस्वीरों के माध्यम से देखिए पर्यटकों की वापसी का नजारा... जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले के बाद महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के सैकड़ों फंसे हुए पर्यटकों को सुरक्षित वापस लाने की पहल शुरू कर दी है। इसके तहत गुरुवार तक कश्मीर से अब तक 500 से अधिक पर्यटक महाराष्ट्र लौट चुके हैं। साथ ही शुक्रवार को 232 और पर्यटक विशेष फ्लाइट से लौटेंगे।बता दें कि बीते मंगलवार को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के चलते देशभर में आक्रोश का माहौल है। इस हमले में 26 लोगों की जान चली गई, जिसके बाद से वहां घूमने गए पर्यटक लगातार रूप से अपनी वापसी की मांग कर रहें हैं। हालांकि हमले के बाद से अभी तक लगभग 14,000



यात्रियों की वापसी हो चुकी है। जम्मू-कश्मीर में फंसे पर्यटकों को वापस लाने के लिए श्रीनगर हवाईअड्डे से आठ अतिरिक्त सेवाओं सहित 110 उड़ानें संचालित की गईं व इनके माध्यम से बृहस्पतिवार को 14,000 से अधिक यात्रियों ने यात्रा की। साथ ही नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि इस मार्ग पर हवाई किराये में दो दिनों में उल्लेखनीय कमी आई है।मंगलवार को पहलगाम आतंकी हमले के बाद बड़ी संख्या में पर्यटक जम्मू-कश्मीर से लौट रहे हैं। उनकी सुविधा के लिए एयरलाइंस अतिरिक्त उड़ानें संचालित कर रही हैं। मंत्रालय हवाई टिकट की कीमतों पर नजर रख रहा है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कीमतों में कोई उछाल न आए। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, श्रीनगर हवाईअड्डे पर बृहस्पतिवार को सुबह 6 बजे से शाम 8 बजे तक 57 उड़ानों का आगमन और 53 उड़ानों का प्रस्थान हुआ। इनमें कुल 14,197 यात्रियों ने यात्रा की। मामले में अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि अब तक 500 से अधिक पर्यटक महाराष्ट्र लौट चुके हैं। साथ ही शुक्रवार को 232 और पर्यटक विशेष फ्लाइट से लौटेंगे, जिसके लिए राज्य सरकार ने इंडिगो और एयर इंडिया की एक-एक विशेष उड़ान की व्यवस्था की है। बाकी पर्यटकों के कैसे लौटे, इस पर फिलहाल कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है।

## पड़ोसी मुल्क की सेना ने नियंत्रण रेखा पर की गोलीबारी

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां



बरसा कर 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी। सेना की वर्दी में आए दहशतगर्दों ने पहलगाम की बायसरन घाटी में पर्यटकों से पहले उनका धर्म पूछा, परिचय पत्र देखे और फिर गोली मार दी। 26 मृतकों में ज्यादातर पर्यटक हैं, जबकि दो विदेशी और दो स्थानीय नागरिक शामिल हैं। इसके बाद से दोनों देशों के बीच तनाव व्याप्त है। नियंत्रण रेखा पर कुछ स्थानों पर पाकिस्तानी सेना की ओर से फायरिंग की गई। गोलीबारी छोटे हथियारों के जरिए की गई। भारतीय सेना के अधिकारी ने बताया कि भारतीय सेना ने इसका प्रभावी ढंग से जवाब दिया। फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। सेना से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, भारतीय सेना ने गुरुवार रात जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर कुछ स्थानों पर पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया।पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही पाकिस्तान डरा हुआ है। वह भारत की जवाबी कार्रवाई के डर से छटपटा रहा है। इस बीच पड़ोसी मुल्क की ओर से फायरिंग की गई है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है।

## उत्तरी सिक्किम के चुंगथांग में भूस्खलन-भारी बारिश का कहर, 1000 पर्यटक और 200 वाहन फंसे

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर भारत के



उत्तरी सिक्किम में प्राकृतिक आपदा के कारण बड़ी संख्या में पर्यटक फंस गए हैं। चुंगथांग में भूस्खलन-भारी बारिश का कहर है। करीब 1000 पर्यटक और 200 वाहनों के फंसे होने की खबर है।भूस्खलन के कारण बृहस्पतिवार को उत्तरी सिक्किम में करीब 1,000 पर्यटक फंस गए। यहां भारी बारिश भी हो रही है। पुलिस ने बताया कि चुंगथांग में करीब 200 पर्यटक वाहन फंसे हुए हैं और उनमें सवार लोग वहां एक गुरुद्वारे में ठहरे हुए हैं। चुंगथांग, गंगटोक से करीब 100 किलोमीटर दूर है। क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण स्थिति और खराब हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि जिला प्रशासन ने सभी टूर ऑपरेटरों को शुक्रवार को और अगली सूचना तक पर्यटकों को उत्तरी सिक्किम नहीं भेजने का निर्देश दिया है।

## गर्मी और बढ़ेगी 12 राज्यों में 5 डिग्री बढ़ेगा तापमान बचाव के लिए केंद्र ने राज्यों को अलर्ट किया

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने राज्यों से कहा है कि गर्मी और हीट वेव को लेकर देश के वरिष्ठ नागरिक अति संवेदनशील हैं। ऐसे में यह बताना जरूरी है कि बिना श्रम किए भी ये बुजुर्ग गर्मी की चपेट में आ सकते हैं क्योंकि उनका शरीर तेजी से बढ़ते तापमान को झेल नहीं पाता है। भीषण गर्मी को देखते हुए केंद्र ने राज्यों को अलर्ट जारी करते हुए प्रत्येक अस्पताल में हीट




स्ट्रोक चिकित्सा प्रबंधन के इंतजाम पूरे करने का निर्देश दिया है। तापमान बढ़ने पर अक्सर आगजनी की घटनाओं में भी इजाफा होता है। ऐसे में केंद्र सरकार ने सभी अस्पतालों में अग्निशमन सुरक्षा उपायों की समीक्षा करने के लिए भी कहा है। अगले कुछ दिन में देश के अधिकांश हिस्से अत्यधिक गर्मी की चपेट में आ सकते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने राज्यों से कहा है कि गर्मी और हीट वेव को लेकर देश के वरिष्ठ नागरिक अति संवेदनशील हैं। ऐसे में यह बताना जरूरी है कि बिना श्रम किए भी ये बुजुर्ग गर्मी की चपेट में आ सकते हैं क्योंकि उनका शरीर तेजी से बढ़ते तापमान को झेल नहीं पाता है।साथ ही राज्यों को जारी पत्र में सलिला श्रीवास्तव तापमान में बढ़ोतरी और गर्मी बढ़ने की आशंका जताते हुए कहा है कि बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को विशेष बचाव की जरूरत है।

## धर्म पूछकर की गई हत्या, हिंदू ऐसा कभी नहीं करेंगे', पहलगाम आतंकी हमले पर बोले आरएसएस प्रमुख

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** धर्म पूछकर की गई हत्या, हिंदू ऐसा कभी नहीं करेंगे', पहलगाम आतंकी हमले पर बोले आरएसएस प्रमुखपहलगाम आतंकी हमले के चलते पूरे देश में आक्रोश का माहौल है। इसी बीच गुरुवार को आरएसएस प्रमुख



मोहन भागवत ने इस हमले पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने लोगों से उनका धर्म पूछकर उन्हें मारा, जो बहुत ही दर्दनाक और अमानवीय है। बता दें कि बीते मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ। इस हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने आगे कहा कि हिंदू कभी किसी से उसका धर्म पूछकर उसे नहीं मारते। यह लड़ाई धर्म और अधर्म के बीच की है। उन्होंने कहा कि रावण को भी पहले सुधरने का मौका दिया गया था, लेकिन जब उसने बदलाव से इनकार कर दिया, तब राम ने उसका अंत किया। इसके साथ ही भागवत ने आगे कहा कि हमारे दिल में दुख है, हम गुस्से में हैं। लेकिन इस बुराई को खत्म करने के लिए ताकत दिखानी होगी। साथ ही भागवत ने समाज में एकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि अगर समाज एकजुट रहेगा, तो कोई भी दुश्मन हमें नुकसान नहीं पहुंचा पाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई हमें बुरी नीयत से देखेगा, तो उसकी आंख निकाल दी जाएगी। भागवत ने कहा कि हिंसा हमारे स्वभाव में नहीं है, लेकिन चुपचाप सहना भी ठीक नहीं। एक सच्चे अहिंसक व्यक्ति को मजबूत भी होना चाहिए। ताकत हो और जरूरत पड़े, तो उसे दिखाना भी चाहिए। वहीं आरएसएस के प्रचार प्रभारी सुनील आंबेकर ने कहा कि जनादेश के नाम पर अपने एजेंडे को आगे बढ़ाना तानाशाही है। उन्होंने कहा कि जो लोग ईमानदार राजनीति करना चाहते हैं, उन्हें लोगों को सच बताना चाहिए और आम सहमति बनानी चाहिए।

## सर्वदलीय बैठक में सरकार को विपक्ष ने दिया समर्थन रिजिजू बोले- आतंक के खिलाफ देश एकजुट

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र की तरफ से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक संसद भवन में हुई है। इस बैठक में सबसे पहले पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया है।जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले को लेकर केंद्र सरकार की तरफ से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक संसद भवन में खत्म हो गई है। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के साथ-साथ तमाम दलों के नेता शामिल हुए। सर्वदलीय बैठक के बाद प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, 'रक्षा मंत्री ने सीसीएस की बैठक में पहलगाम में हुई घटना और भारत सरकार की तरफ से की गई कार्रवाई की जानकारी दी। यह घटना बहुत दुखद है। जिससे देश में हर कोई चिंतित है, इसी को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने भी आज और कड़ी कार्रवाई करने की मंशा जाहिर की है'इस दौरान किरेन रिजिजू ने कहा, 'सभी ने इस बात पर सहमति जताई है कि भारत को एकजुट



होकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़नी चाहिए। भारत ने पहले भी आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है और आगे भी करता रहेगा। सरकार की तरफ से सर्वदलीय बैठक में इस पर चर्चा की गई है। आईबी, गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने घटना के बारे में जानकारी दी कि घटना कैसे हुई और कहां चूक हुई। सभी दलों ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में वे सरकार के साथ हैं। सभी राजनीतिक दलों ने यह संदेश दिया है और सभी दलों के नेताओं ने एक स्वर में कहा है कि सरकार जो भी कदम उठाएगी, हम उसका समर्थन करेंगे...बैठक सकारात्मक मुद्दे पर समाप्त हुई।वहीं इस बैठक के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा- सभी ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। विपक्ष ने सरकार को कोई भी कार्रवाई करने के लिए पूरा समर्थन दिया है।इस बैठक में शामिल होने के बाद बाहर आए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, 'रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी बैठक में मौजूद थे। सभी दलों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। हमने कहा कि जम्मू-कश्मीर में शांति बनाए रखने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए'।वहीं आप सांसद संजय सिंह ने कहा, 'पूरा देश गुस्से में है, दुखी है और देश चाहता है कि केंद्र सरकार आतंकियों को उनकी भाषा में मुंहतोड़ जवाब दे। जिस तरह से उन्होंने निर्दोष लोगों की हत्या की है, उनके कैंपों को नष्ट किया जाना चाहिए और पाकिस्तान के खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए...यह घटना 22 अप्रैल को हुई और 20 अप्रैल को सुरक्षा एजेंसियों की जानकारी के बिना उस जगह को खोल दिया गया।






## पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज ने पहलगाम हुए आतंकी हमले के मृतकों की दी श्रृद्धांजलि

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बारा।** प्रयागराज तहसील मुख्यालय बारा खास के पंचायत भवन में पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज के तत्वाधान में बैठक आयोजित कर दो मिनट का मौन रख शोक सभा की गई। प्रांतीय अध्यक्ष पी सी पाण्डेय ने धर्म पूंछकर हमला करने वालों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि सरकार को उक्त कृत्य का मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। इस अवसर पर वक्ताओं ने एक स्वर में आतंकियों पर कड़ी कार्रवाई का आग्रह किया। मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए जिलाध्यक्ष सुभाष शुक्ला ने कहा कि ऐसा कृत्य करने वालों पर ऐसी कार्रवाई हो कि भविष्य में दोबारा ऐसा दुस्साहस कोई न कर पाए। शोक सभा मेंप्रदेश अध्यक्ष पी सी पाण्डेय, जिलाध्यक्ष सुभाष शुक्ल , बारा प्रधान संतोष जायसवाल , मो. अली , राकेश कुशवाहा , माजिद अहमद , राहुल यादव , मनोज यादव , राकेश मिश्रा , मो. सलीम आदि पत्रकार साथी मौजूद रहे।




## शॉर्ट सर्किट से डीआरएम ऑफिस में लगी आग, मची अफरातफरी; कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**चंदौली।** चंदौली जिले में शुक्रवार की सुबह डीआरएम ऑफिस में अचानक आग लगी। जिससे मौके पर अफरातफरी का माहौल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। चंदौली नगर के यूरोपियन कॉलोनी स्थित डीआरएम ऑफिस बिल्डिंग में शुक्रवार की सुबह आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से लगी आग से सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यालय में रखे फर्नीचर, महत्वपूर्ण फाइल आदि जल गए। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई। पं दीनदयाल उपाध्याय रेल मंडल के कार्यालय में लगभग 700 कर्मचारी रहते हैं। चार मंजिला भवन के बीच में खाली जगह है और यहीं पर लिफ्ट लगा है। इसके बगल में सेवानिवृत्त कर्मियों के बैठने के लिए कमरा और कार्यालय बना हुआ है। इसके ऊपर वरीय मंडल सुरक्षा अधिकारी का कार्यालय और एकाउंट विभाग है। रात में डीआरएम कार्यालय में विभिन्न विभागों के कंट्रोल में ही कर्मचारी रहते हैं। शुक्रवार की भोर में सेवानिवृत्त कर्मियों के कमरे में आग लग गई। जब तक लोगों को पता चलता आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त कार्यालय और एकाउंट कार्यालय तक पहुंच गई। इस घटना से मौके पर अफरा तफरी मच गई। कर्मियों ने पहले तो अग्निशामक यंत्र से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग नहीं बुझा सके। कर्मचारियों की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग से सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यालय के कंप्यूटर, एसी, फर्नीचर, महत्वपूर्ण फाइल आदि जल गए। आग की सूचना पर डीआरएम उदय सिंह मीना, वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेथिन बी राज सहित अन्य मंडलीय अधिकारी भी पहुंच गए।



## इंस्टाग्राम पर शादीशुदा से प्यार, मिलने गया मारा गया सलाहुद्दीन; धीरज और सनी देओल ने पीट-पीटकर मार डाला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**गोरखपुर।** एसओ जोगिया अनूप कुमार मिश्र ने बताया कि क्षेत्र के तुरकौलिया गांव के पास खेत में सलाहुद्दीन पुत्र साहबुद्दीन निवासी गुलहरिया थाना खेसरहा की लाश मिली थी। यूपी के सिद्धार्थनगर स्थित गुलहरिया निवासी सलाहुद्दीन हत्याकांड का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। शादीशुदा प्रेमिका से मिलने के दौरान देख लेने पर महिला के गांव के ही युवकों ने लाठी डंडे से पीटकर मार डाला। इस कांड में शामिल दो आरोपियों को जोगिया पुलिस और एसओजी ने चौरासी से चोरवर जाने वाले मार्ग से गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद न्यायालय रवाना कर दिया। पुलिस के मुताबिक कांड में शामिल तीन अन्य की तलाश की जा रही है। इंस्टाग्राम पर प्यार हुआ था और मिलने के लिए गया था। एसओ जोगिया अनूप कुमार मिश्र ने बताया कि क्षेत्र के तुरकौलिया गांव के पास खेत में सलाहुद्दीन पुत्र साहबुद्दीन निवासी गुलहरिया थाना खेसरहा की लाश मिली थी। इस मामले में मृतक के चचेरे भाई की तहरीर पर एक नामजद सहित अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज करके मामले की जांच शुरु की गई। एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी के साथ टीम मामले की जांच में जुटी तो पता चला कि प्रेम प्रसंग से जुड़ा। तार-तार जुड़े तो आरोपियों के नाम सामने आ गए। इसके बाद उनकी गिरफ्तार के लिए टीम लग गई। मुखबिर की सूचना पर गुरुवार सुबह चौरासी से चोरवर जाने वाले मार्ग पर घटना में शामिल दो लोगों को पकड़ा गया। उनकी पहचान धीरज, सनी देओल निवासी सियरापार थाना उसका बाजार के रूप में की गई। पूछताछ में उन्होंने पीटकर मारने की बात स्वीकार की है। इसमें तीन और लोग शामिल हैं, जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पकड़ने के लिए टीम लगी हुई है। पुलिस के मुताबिक लोगों से पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आया कि मृतक सलाहुद्दीन का कुछ दिन पहले सियरापार की एक महिला से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। जो महिला पहले से ही शादीशुदा थी। दोनों एक दूसरे से बातचीत करने व मिलने लगे थे, घटना के दिन मृतक सलाहुद्दीन अपने ही गांव के एक मित्र समीम को लेकर अपनी महिला मित्र से मिलने बाइक से सियरापार आया था। सियरापार ग्राम के बाहर नदी तट बंधे के पास सलाहुद्दीन अपनी महिला मित्र से मिलने लगा और उसका दोस्त बाइक लेकर कुछ दूर पर उसका इंतजार कर रहा था।




## अज्ञात वाहन से कुचलकर बाइक सवार युवक की मौत, शिनाख्त के बाद घरवालों को दी सूचना

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** वाराणसी जिले में सड़क हादसे में एक शख्स की मौत हो गई। वह बाइक से गाजीपुर की तरफ से वाराणसी आ रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। वाराणसी जिले के चौबेपुर क्षेत्र के चंद्रावती बाजार में बृहस्पतिवार की आधी रात में सड़क हादसा हुआ। गाजीपुर से वाराणसी की तरफ आ रहे बाइक सवार को किसी अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। गंभीर अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। समीर सिंह (30) पुत्र मनोज कुमार सिंह निवासी हसनपुर जिला समस्तीपुर बिहार बाइक से गाजीपुर से वाराणसी की तरफ आ रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल समीर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरपतपुर पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। वाहन के कागजात से उसकी शिनाख्त कर पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।



## इंटरमीडिएट परीक्षा के 'टॉप थ्री' में गोरखपुर की बेटियां शामिल, हर्षिता ने मारी बाजी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**गोरखपुर।** गोरखपुर की हर्षिता ने यूपी बोर्ड परीक्षाओं में जिले में पहला स्थान बनाया है। इंटर की परीक्षा उन्होंने सर्वोच्च अंकों के साथ पास की है। इनके अलावा संयुक्त रुप से छात्र और छात्राओं ने दूसरे और तीसरे स्थान पर जगह बनाई है। गोरखपुर जिले की टॉप तीन रैंकिंग में दो बेटियां शामिल हैं। पहले स्थान पर हर्षिता ने 457 अंकों (91.40ज्ञ्) के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। हर्षिता, चंद्र भूषण कुमार दुबे की पुत्री हैं। यह रामशक्ति रामनिवास बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज की छात्रा है।दूसरे स्थान पर एक छात्र और छात्रा हैं, जिसमें अपूर्वा त्रिपाठी ने 454 अंक (90.80ज्ञ्) प्राप्त किया। अपूर्वा, राजेशपति त्रिपाठी की पुत्री हैं और विमल मांटेसरी गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा हैं। जबकि इसी स्थान पर आलोक निषाद ने भी 454 अंक (90.80ज्ञ्) प्राप्त किया है। आलोक, लाल चंद निषाद के पुत्र हैं और शबनम मेमोरियल इंटर कालेज, बड़हलगंज के छात्र हैं।तीसरे स्थान पर भी एक छात्र और छात्रा संयुक्त रुप से हैं। श्रेया पांडेय ने 453 अंक (90.60ज्ञ्) प्राप्त किया, वो राम कृष्णा पांडेय की पुत्री हैं और एनएनएआईसी फुलवरिया की छात्रा हैं। जबकि, अनुराग कुमार ने भी 453 अंक (90.60ज्ञ्) प्राप्त किया। अनुराग, विनोद कुमार के पुत्र हैं और सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आर्यनगर के छात्र हैं। इन सभी की सफलता पर परिजनों और स्कूल के अध्यापकों ने इन्हें शुभकामनाएं दी हैं।



## नेपाल के सुदीप न्यूपाने की भी हो आतंकी हमले में गई थी मौत, महराजगंज सीमा पर परिजनों को सौंपा गया शव


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**गोरखपुर।** महराजगंज जिला प्रशासन की ओर से नौतनवा उपजिलाधिकारी नवीन कुमार पुलिस सर्किल ऑफिसर जयप्रकाश त्रिपाठी वही नेपाल प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में नेपाली युवक के शव को भारतीय एम्बुलेंस नेपाल प्रशासन को सुपुर्द कर दिया गया । जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में भारत के पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के लुंबिनी प्रदेश में रहने वाले सुदीप न्यूपाने जो जम्मू कश्मीर घूमने के लिए गए थे, उनकी भी मौत हो गई थी। मृतक का सुबह पार्थिव शरीर बृहस्पतिवार को महराजगंज जनपद के भारत नेपाल के अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर सोनौली पहुंचा, जहां पर नेपाल प्रशासन और भारतीय प्रशासन की मौजूदगी में नेपाली मृतक युवक के पार्थिव शरीर को उनके परिजनों को सौंपा गया।महराजगंज जिला प्रशासन की ओर से नौतनवा उपजिलाधिकारी नवीन कुमार पुलिस सर्किल ऑफिसर जयप्रकाश त्रिपाठी वही नेपाल प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में नेपाली युवक के शव को भारतीय एम्बुलेंस नेपाल प्रशासन को सुपुर्द कर दिया गया। सोनौली बॉर्डर पर पहुंचे मृतक युवक के परिजन करो रो रो कर बुरा हाल रहा वहीं पर नेपाली परिजनों ने भारत सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।








# प्रदेश आस/पास



# भारत

## हिंदू सुरक्षा सेवा संघ ने सौंपा ज्ञापन – पश्चिम बंगाल और पहलगाम ( जम्मू-कश्मीर ) में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में उठाई आवाज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा ।** हिंदू सुरक्षा सेवा संघ श्री




1008 महंत राजू दास (हनुमानगढ़ी, अयोध्या) जी के मार्गदर्शन में संचालित संगठन ने आज जिला अध्यक्ष अजय चौहान के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय, गौतम बुद्ध नगर में एक महत्वपूर्ण ज्ञापन प्रस्तुत किया। यह ज्ञापन पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में सौंपा गया। अपर जिलाधिकारी मंगलेश दुबे ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए संगठन को आश्वासन दिया कि इस गंभीर विषय को शीघ्र ही संबंधित उच्चाधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा, तथा प्रशासन इस विषय पर संवेदनशील और उचित कार्रवाई करेगा। इस अवसर पर संगठन के अनेक समर्पित पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें मुख्यरूप से सनातनी दुर्गा प्रसाद दुबे, सुंदर यादव, युवराज ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, राजेश ठाकुर, सुरेंद्र यादव, ऋषि यादव, रविंद्र ठाकुर, सचिन गुप्ता, अनिल चौधरी, अमित बृजवासी, आकाश यादव, विनय यादव, हिमांशु यादव, गोविंद ठाकुर, सुमित शर्मा, आस्तिक शुक्ला, धीरज, सुमित यादव, अरविंद यादव, ठाकुर युवराज सिंह, आलोक, भारत भूषण शर्मा, प्रांजल सिंह एवं देवेश सिंह मौजूद थे। हिंदू सुरक्षा सेवा संघ, उत्तर प्रदेश, निरंतर सनातन संस्कृति की रक्षा, हिंदू समाज के अधिकारों की सुरक्षा एवं धार्मिक जागरूकता के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहा है। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया कि राष्ट्रहित और धर्मरक्षा के मुद्दों पर वह भविष्य में भी अपनी आवाज बुलंद करता रहेगा।

## पहलगांव में पर्यटकों पर हुए हमले की भा कि यू भूमि पुत्र ने की निंदा



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा ।**नोएडा भारतीय किसान यूनियन भूमि पुत्र के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रवि राघव ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला अत्यंत निंदनीय है यह कायराना एवं घिनौनी हरकत है ,यह इंसानियत को झकझोर कर रख देने वाला व मानवता को तहस-नहस कर देने वाला हमला है। भारतीय किसान यूनियन भूमि पुत्र इस अमानवीय कृत्य की कड़ी निंदा करता है। और भगवान से प्रार्थना करता है कि इस अमानवीय घटना के शिकार सभी पुण्य आत्माओ को शांति प्रदान कर, अपने श्री चरणों में स्थान दें। एवं उनके परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की क्षमता प्रदान करें। और किसान नेता रवि राघव ने केन्द्र सरकार से मांग की है कि जब तक इस जघन्य अपराध करने वाले सभी आतंकी व उनके आकाओं को उचित डंड दिया जाये तब तक चैन से नहीं बैठे।

## हक, अधिकार व रोजगार के लिए श्रमिकों ने बीएचईएल कम्पनी पर तीसरे दिन भी सीटू के बैनर तले किया धरना प्रदर्शन- गंगेश्वर दत्त शर्मा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा ।** नोएडा, बी. एच. ई. एल. के प्रबंधन होश में आओ- काम से रोके गए सभी श्रमिकों को काम पर वापस लो! बीएचईएल के प्रबंधन होश में आओ- मजदूरों से मत टकराओ! बीएचईएल के प्रबंधन होश में आओ- श्रम आयुक्त केंद्रीय द्वारा लिखित में दिए गए सुझावानुसार वेतनमान लागू करो! बीएचईएल के प्रबंधन होश में आओ- संस्थान में कार्यरत श्रमिकों के नाम मास्टर रोल पर दर्ज करो! बीएचईएल के प्रबंधन होश में आओ- पूर्व में मिल रही कैंटीन की सुविधा बहाल करो! बीएचईएल के प्रबंधन होश में आओ- संस्थान में कार्यरत समस्त श्रमिकों को समान कार्य का समान वेतन व सुविधाएं देनी होगी! बीएचईएल के प्रबंधन होश में आओ- श्रमिकों के साथ भेदभाव व जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करना बंद करो! बीएचईएल के प्रबंधन की मनमानी, तानाशाही नहीं चलेगी आदि जोरदार नारों के साथ 25 अप्रैल 2025 को भारत हैवी इलेक्ट्रीकल्स लिमिटेड प्लॉट नंबर-25 सेक्टर- 16 ए फिल्म सिटी



नोएडा कम्पनी के समक्ष कांन्ट्रेक्ट लेबर इम्पलाईज यूनियन सीटू के बैनर तले कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। धरना प्रदर्शन को सीटू जिला अध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, महासचिव रामसागर ने संबोधित किया और श्रमिकों को हो रहे उत्पीड़न को रेखांकित करते हुए श्रमिकों से एकजुट रहकर अपने हक अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही मजदूर विरोधी लेबर कोड़ों को रद्द करवाने की मांग पर 20 में 2025 को होने वाली हड़ताल की तैयारी में जुट जाने की अपील किया। वहीं चल रहे धरना-प्रदर्शन का क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (केंद्रीय) श्री हरि ओम गौतम जी द्वारा संज्ञान लेकर 28 अप्रैल 2025 को समस्या का समाधान हेतु दोनों पक्षों को अपने कार्यालय ए- 49, सेक्टर- 62 नोएडा पर बुलाकर वार्ता करवाने का आश्वासन यूनियन को दिया और यूनियन को परामर्श देते हुए अनुरोध किया की संस्थान पर चल रहे धरना प्रदर्शन को स्थगित कर दिया जाए। सीटू नेता राम सागर ने बताया कि क्षेत्रीय श्रम आयुक्त केंद्रीय द्वारा दिए गए परामर्श और उनके निवेदन को मानते हुए यूनियन ने आज से 28 अप्रैल 2025 तक चल रहे धरने को स्थगित करने का निर्णय लिया है। यदि उक्त तिथि पर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 29 अप्रैल 2025 से कर्मचारी पुनः संस्थान पर धरना प्रदर्शन पर बैठेंगे।

## डीएम-एसपी ने गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली ।** डीएम हर्षिता माथुर ने एसपी डॉ यशवीर सिंह के साथ गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य की गुणवत्ता परखते हुए डीएम ने एक्सप्रेस-वे के शेष कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित को दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में आने वाले किसी भी प्रकार के अवरोध को समय रहते निस्तारित कराकर निर्माण कार्य शीघ्र पुरा कराया जाए। इस दौरान एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## ग्रामीण क्षेत्र मे स्थापित ग्रामोद्योगी इकाईयों को पुरस्कृत करेगा खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली ।**जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया है कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित योजना मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत विगत 05 वर्षो मे स्थापित एवं उतकृष्ट कार्य करने वाली कम से कम 03 वर्षो तक के उत्पाद बिक्री तथा कम पूंजी निवेश पर अधिक रोजगार पर राज्य सरकार उद्यमी पुरस्कार योजना मे वर्ष 2025-26 हेतु मण्डल स्तरीय समिति द्वारा पुरस्कार हेतु चयनित प्रथम इकाई को रु0-15000.00 द्वितीय को रु0-12000.00 तथा तृतीय को रु0-10000.00 धनराशि सहित प्रमाण पत्र दिया जायेगा। इन्ही चयनित इकाईयो मे से प्रदेश स्तर पर प्रथम इकाई को रु0-40000.00 द्वितीय को रु0-30000.00 तथा तृतीय को रु0-20000.00 धनराशि के पुरस्कार सहित राज्य स्तरीय प्रमाण पत्र दिया जायेगा। खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित योजनान्तर्गत विभिन्न ट्रेडो मे प्रशिक्षण प्राप्त जो उद्यमी इकाई स्वयं के श्रोतो से उत्कृष्ट कार्य कर रहे हो वो भी पुरस्कार हेतु प्रतिभाग कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग अधिकारी के मो0-7408410810 एवं श्री आनन्द कुमार कनिष्ठ सहायक के मो0-8318013131 पर सम्पर्क कर सकते है।

## बालिका आश्रय गृह का किया गया निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** मा0 जनपद न्यायाधीश राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में बृहस्पतिवार को न्यायिक अधिकारियों की समिति के द्वारा बालक आश्रय गृह व बालिका आश्रय गृह स्थित चक धौरहरा रायबरेली का निरीक्षण किया गया। के बालिकाओं के नियमित चिकित्सकीय जांच कराये जाने के भी निर्देश दिये गये। इस अवसर पर प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि बालिकाओं के अल्पवयस्कता को देखते हुए नियमित काउंसिलिग कराये। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा



समिति के अध्यक्षा प्रतिमा, सदस्य अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य व सदस्य प्रभाष त्रिपाठी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय व श्रेया सोलंकी अपर सिविल जज(जू0डि0) द्वारा गांधी सेवा निकेतन के आश्रय गृह में आवासित बालिकाओं से बातचीत करके उनका हाल-चाल जाना गया। आश्रय गृह में रहने वाली बालिकाओं द्वारा समिति को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। समिति के द्वारा आवासित बालिकाओं के शैक्षणिक, मानसिक व सामाजिक विकास हेतु मिलने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध मे जानकारी ले आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। समिति द्वारा आश्रय गृह अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि जो बालिकाएँ पढ़ने की इच्छुक है उनकी सूची तैयार कर उनका दाखिला सम्बन्धित संस्था में कराया जाए व आवासित बालिकाओं के माता-पिता से सम्पर्क कर बालिकाओं को उनके घर भेजने का प्रयास किया जाए। उपस्थित समस्त को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अन्तर्गत गठित इकाई लीगल सर्विसेज फार चिल्ड्रेन के सम्बन्ध में भी अवगत कराया गया। उक्त इकाई संवासियों को उनके घर भेजने व शिक्षा के संदर्भ में भी प्रयास करने में सक्षम है। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, पराविधिक स्वयं सेवक मनोज कुमार प्रजापति व पूनम सिंह भी उपस्थित रही।

## भारत शिक्षा एक्सपो 2025 युवा सशक्तिकरण के लिए नए दृष्टिकोण के साथ हुआ भव्य उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा ।** नोएडा भारत शिक्षा एक्सपो 2025, भारत की प्रमुख शिक्षा-केंद्रित प्रदर्शनी, का आज उद्घाटन श्रीमती प्रेरणा सिंह, एसीईओ, ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, नॉलेज पार्क, ग्रेटर नोएडा में किया गया। यह आयोजन 24 से 26 अप्रैल 2025 तक आयोजित किया जा रहा है और इसका आयोजन इंडिया एक्सपोज़ीशन मार्ट लिमिटेड द्वारा, उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सहयोग से किया जा रहा है। भव्य उद्घाटन समारोह में प्रो. विमला वाई, कुलपति, माँ शाकुंभरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर; प्रो. दिनेश शर्मा, सदस्य सचिव, और भारत शिक्षा एक्सपो 2025 हेतु उच्च शिक्षा विभाग, यूपी के नोडल अधिकारी; डॉ. एस.पी. मिश्रा, मानद सलाहकार, इनोवेशन हब, एकेटीयू, लखनऊ; श्री महीप सिंह, प्रमुख - इनोवेशन हब यूपी, एकेटीयू; और श्री सचिन सिन्हा, मुख्य वित्तीय अधिकारी, ग्रेटर नोएडा उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि श्रीमती प्रेरणा सिंह ने अपने संबोधन में भारत शिक्षा एक्सपो और छ्िंथ् टीम को एक सुंदर कैनवास के रूप में भारत के शैक्षणिक भविष्य को दर्शाने के लिए बधाई दी और संस्थानों, प्राधिकरणों व उद्योगों के बीच रणनीतिक सहयोग के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहाँ, ने नॉलेज पार्क को केवल संस्थानों के समूह के रूप में नहीं, बल्कि नवाचार, तकनीक और प्रतिभा के एक प्रगतिशील केंद्र के रूप में कल्पना की है। भारत शिक्षा एक्सपो इस



दृष्टि को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करता है और सभी संबंधित पक्षों को एक जीवंत शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए एकजुट करता है।उन्होंने यह भी कहा कि ग्रेटर नोएडा में 1.5 लाख से अधिक छात्र हैं और चिकित्सा, लिबरल आर्ट्स और तकनीकी संस्थानों के साथ यह शहर राष्ट्रीय और वैश्विक शिक्षा केंद्र बनता जा रहा है।विशिष्ट अतिथि, प्रो. विमला वाई, कुलपति, माँ शाकुंभरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर ने कहा कि छोटे विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय मानकों से प्रतिस्पर्धा करने का साहसिक संकल्प दिखा रहे हैं और भारत शिक्षा एक्सपो 2025 वह मंच है जहां सही हितधारक एक साथ आकर हमारे युवाओं के भविष्य को आकार दे रहे हैं। नई विश्वविद्यालयें नवाचार, कौशल और उद्यमिता में 360-डिग्री दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रही हैं।प्रो. दिनेश शर्मा, सदस्य सचिव, ळइएर्थ्ण् और भारत शिक्षा एक्सपो 2025 के लिए उच्च शिक्षा विभाग, यूपी के नोडल अधिकारी ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा, भारत शिक्षा एक्सपो का दूसरा संस्करण भविष्य के लिए तैयार शिक्षा और युवा सशक्तिकरण के लिए एक सशक्त मंच है।डॉ. एस.पी. मिश्रा, मानद सलाहकार, इनोवेशन हब, ँखऊळ, लखनऊ ने कहा, उत्तर प्रदेश सरकार का उद्देश्य हमारे युवाओं को ऐसे वैश्विक नागरिक के रूप में तैयार करना है जो न केवल अकादमिक रूप से सशक्त हों, बल्कि नैतिक रूप से जागरूक और तकनीकी रूप से दक्ष भी हों। भारत शिक्षा एक्सपो जैसे आयोजन प्रदेश द्वारा गुणवत्तापूर्ण, रोजगारोन्मुख शिक्षा को सबके लिए सुलभ बनाने के प्रयासों को दर्शाते हैं।श्री महीप सिंह, प्रमुख - इनोवेशन हब यूपी, ँखऊळ ने कहा, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कौशल विकास एक राष्ट्रीय प्राथमिकता बन गया है। भारत शिक्षा एक्सपो उद्योग से जुड़ी शिक्षा, नवाचार और युवा सशक्तिकरण को केंद्र में लाने के लिए हमारे साझा विजन को दर्शाता है - । श्री सचिन सिन्हा, मुख्य वित्तीय अधिकारी, छ्िंथ्, ग्रेटर नोएडा ने सभी गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भारत शिक्षा एक्सपो के दूसरे संस्करण को सफल बनाने में उनके योगदान की सराहना की।इस वर्ष के एक्सपो में 100ध् प्रदर्शक भाग ले रहे हैं, जिनमें प्रमुख शैक्षणिक संस्थान, एजु-टेक कंपनियाँ, कौशल विकास एजेंसियाँ और वैश्विक अध्ययन सलाहकार शामिल हैं, जो 7,000 वर्ग मीटर में फैले हैं। इस आयोजन में शिक्षा व करियर मार्गदर्शन, लाइव डेमो, रोबोटिक्स कार्यशालाएं, ड्रोन प्रदर्शनी, क्विज़ और सिंगिंग प्रतियोगिताएं जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं।भारत शिक्षा एक्सपो 2025 भारत के भावी नवप्रवर्तकों, तकनीकी विशेषज्ञों, चिंतकों और नेताओं को संवारने हेतु एक सशक्त मंच के रूप में आकार ले रहा है।

## मुख्यमंत्री माटीकला ग्रामोद्योग रोजगार योजना अंतर्गत 30 मई तक करें आवेदन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया है कि मुख्यमंत्री माटीकला ग्रामोद्योग रोजगार योजना प्रजापति समाज (मिट्टी का काम करने वाले) की आर्थिक स्थिति सुदृढ करने के लिए राज्य सरकार द्वारा राजस्व विभाग से मिट्टी निकालने हेतु प्राप्त पट्टा धारको/परामपरागत कारीगरो (कुम्हारों) को आसान किस्तो मे बैको के माध्यम से ऋण भी उपलब्ध कराया जायेगा। प्लास्टिक और थर्माकोल से बने पात्रो मे खाद्य वस्तुओ का सेवन स्वाथ्य के लिए हानिकारक है तथा पर्यावरण के लिए भी नुकसान दायक है। जिसके लिए उ0प्र0 सरकार भी प्लास्टिक का चलन रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके स्थान पर मिट्टी के बर्तनों को बढावा देने से प्रदूषण मे कमी के साथ ही कुम्हारी कला से जुड़े परिवारो की आर्थिक स्थिति मे सुधार होगा। खादी ग्रामोद्योग विभाग से माटीकला बोर्ड की ओर से शुरु की गयी मुख्यमंत्री माटीकला ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत विभिन्न प्रकार के मिट्टी के बर्तन बनाने और बेचने का कार्य करने हेतु मु0 10.00 लाख रुपये तक का बैक द्वारा दिलाया जाएगा। इसमे लाभार्थी को पांच प्रतिशत अंशदान स्वयं लगाना होगा तथा प्रोजेक्ट पर 95 प्रतिशत तक की धनराशि ऋण के रुप मे बैकों द्वारा स्वीकृत होगी। जिसमे कार्यशील पूंजी को छोडकर शेष पूंजीगत ऋण धनराशि पर 25 प्रतिशत तक की धनराशि लाभार्थियो को मार्जिनमनी के रुप मे अनुदान स्वरुप प्राप्त होगी। यह धनराशि तीन वर्ष बाद ऋण खाते मे कार्य करने की दशा मे समायोजित होगी। इच्छुक आभ्यार्थी महिला/पुरुष अपने निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, फोटो, शैक्षिक योग्यता आदि प्रपत्रो के साथ अपना आवेदन पत्र 30 मई 2025 तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय पुरानी तहसील रायबरेली मे कर सकते है।

## दीपा देवी को उत्तराखंड रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा ।** नोएडा सेक्टर-12 स्थित आवास पर उज्जवल उन्नति फाउंडेशन की संस्थापक दीपा देवी को उनके जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ द्वारा उत्तराखंड रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। समाज सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही और सभी ने दीपा देवी के कार्यों की सराहना की।



## एक घंटे की धूप हो सकता है नुकसानदेह, गर्मी में लू से बचने के लिए अपनाएं ये 13 तरीके

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** वाराणसी में भीषण गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। ऐसे में एक घंटे की धूप लोगों के लिए काफी नुकसानदेह हो सकता है। लू से किरणें धरती की ओर आ रहीं हैं। इससे आंख की रेटिना पर काफी बुरा असर हो सकता है। साथ ही शरीर की नमी सूख सकती है।डिहाइड्रेशन, त्वचा पर काले काले पर काले चकत्ते पड़ सकते हैं। आंख में जलन और खुजली हो सकती है। शरीर में पानी की कमी होने से चक्कर आ जाएंगे। ये काफी खतरनाक हो सकता है। कपड़े



होने वाली परेशानी को कुछ तरीके अपनाकर कम सकते हैं।इन दिनों धूप में एक घंटे बिताना खासा नुकसानदेह हो सकता है। सूरज से आ रहीं अल्ट्रा वॉयलेट (यूवी) किरणें इतने ही देर में सनबर्न, ब्लैक स्पॉट और भारी मात्रा में शरीर का पानी सूखा सकती हैं। मौसम का आकलन करने वाली एजेंसी और बीएचयू के वैज्ञानिकों के अनुसार, इन दिनों यूवी किरणों का स्तर 10 से 12 के आसपास दर्ज किया जा रहा है। बृहस्पतिवार को ये स्तर 10 के आसपास रहा। जो कि बहुत उच्च खतरे की श्रेणी में आएगा।दिन में चार घंटे, सुबह 9 बजे से दोपहर तीन बजे तक, सबसे ज्यादा यूवी धब्बे और चक्कर आने की समस्याएं भी हो सकती हैं। बीएचयू के खगोल वैज्ञानिक प्रो. अभय सिंह ने बताया कि इन दिनों आसमान साफ हो गया है, जिससे प्रकाश के आने की तीव्रता बढ़ जाती है। इस तरह से सीधे किरणें आती हैं। आम तौर पर तीन तरह की यूवी किरणें ए, बी और सी निकलतीं हैं। इसमें से यूवी ए इंसानों तक पहुंचने से पहले ही अवशोषित हो जाती हैं। बाकी वी और सी धरती तक आती है, जो कि सीधे इंसानों को असर करती हैं। यदि इंडेक्स का स्तर 10 से ऊपर हो जाए तो फिर एक ही घंटे में शरीर के स्किन पहनने के बाद भी अल्ट्रा वायलेट को फिल्टर करके बाहर नहीं रोक पा रहा है, क्योंकि शरीर की ऑब्जर्व करने की क्षमता कम हो जाती है। नगर निगम ने बृहस्पतिवार को गर्मी को देखते हुए शहर के कई जगहों पर प्याऊ की व्यवस्था कराई। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा के निर्देश पर लक्सा थाने के सामने, रत्नाकर पार्क, आनंद बाग पार्क, रविदास गेट लंका, मैदागिन, शहीद उद्यान पूर्वी द्वार के बगल में, नगर निगम गेट के पास, शहीद उधम सिंह आईलैंड गिरजाघर, गरुधाम चौराहा इस्कॉन मंदिर के पास, कचहरी बनारस क्लब के पास, पांडेयपुर हनुमान मंदिर के पास पेयजल मुहैया करा दिया गया है।


## सीडीओ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग/व्यापार बंधु की बैठक संपन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन ड्रेनेज सिस्टम आदि जैसी समस्याओं के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्यमियों द्वारा अवगत कराई गई को निर्देश दिए गए की व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण कराया जाए, जिससे व्यापारियों को किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न



सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में सीडीओ ने उद्यमियों द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत एवं नालियों की साफ-सफाई, जल निकासी, सफाई, विद्युत कार्य को दुरुस्त कराने आदि के संज्ञान में लाए गए कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की।उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में साफ सफ़ाई, विद्युत विभाग से सम्बन्धित समस्याओं एवं औद्यौगिक क्षेत्र के समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराए, जो बड़े कार्य है, उनके लिए प्रयास कर निस्तारण कराने का प्रयास किया जाए। इसके उपरांत जिला स्तरीय व्यापार बन्धु की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में व्यापारी बंधुओ ने सड़कों की मरम्मत, बिजली , साफ सफाई, पार्किंग, सामुदायिक शौचालय की समस्या उठाई, जिनकी बिंदुवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों हो। बैठक में व्यापारियों की सुरक्षा संबंधी समस्याओ पर भी गहन समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अनिल कुमार ने व्यापारी बंधुओ से अनुरोध किया कि जनपद में स्थित गो-आश्रय स्थलों के लिए भूसा दान में अपना योगदान करें। सभी व्यापारी बंधुओ ने सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, उद्यमीगण व व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# मिर्जापुर, सोनभद्र



## एक छोटा मगर धरती के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण कदमः नमिता शरण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह के दिशा निर्देश के क्रम में जिले को प्लास्टिक मुक्त बनाने के अभियान में दर्जनों गांव के ग्रामीणों सहित जागरूक व्यक्तियों ने की सहभागिता उसी क्रम में गुरुवार को पंचायत राज दिवस है। इस दिन पंचायतें अगर कोई एक कार्य ठान ले तो पंचायत में इतनी शक्ति है कि उसको पूरा कर लें। वही डीपीआरओ नमिता शरण में बताया कि सीडीओ जागृति अवस्थी के नेतृत्व में टीम बनाकर प्लास्टिक मुक्त जिला का अभियान चला जा रहा है जिसमें जिलाधिकारी द्वारा भी ग्राम प्रधान व सम्मानित जनता वासियों से अपील की गई जिससे प्लास्टिक मुक्त समाज बने धरती



के कैंसर रूपी प्लास्टिक के इस महा बीमारी से बचाने को पंचायती राज दिवस पर पंचायती विभाग के कर्मचारियों द्वारा संकल्प लेते हुए प्लास्टिक मुक्त जिला बनाने का अभियान को हर गांव हर घर तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा जिसमें ग्राम प्रधानों को एक बोरी प्लास्टिक के नाम मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी तहत कार्य करते हुए प्लास्टिक मुक्त संदेश देने का आकार हर गांव में चलने का कार्य चल रहा है। वही लगभग एक दर्जन गांवों के ग्राम प्रधान ने प्लास्टिक मुक्त अभियान को लेकर विशेष अभियान चला रहे हैं इसी अभियान के माध्यम से पूरे जिले में या अभियान तीव्र गति से चलने का कार्य पंचायती राज विभाग आम जन के सहयोग से करेगा।

## देश की एकता और अखंडता पर हमला है पहलगाम अटैकःअभिषेक सिंह(पिंकू)

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**ओबरा।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में बीते मंगलवार को हुए आतंकी हमले की बिल्ली कर मृतकों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। कहा किठयह हमला न केवल निर्दोष पर्यटकों बल्कि यह देश की एकता और अखंडता व्यवसायी अंजनी केशरी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले ने एक बार फिर मानवता को झकझोर दिया। इस हमले के बाद पूरा देश



मारकुंडी क्रेशर एसोसिएशन ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने इस हमले को नृशंस और अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि यह देश की एकता और अखंडता पर एक दुस्साहसिक हमला है।यूनियन सचिव अभिषेक सिंह 'पिंकू' ने इस घटना में मारे गए सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए यूनियन भवन में एक शोकसभा आयोजित की गई।बताया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद पूरे देश में शोक की लहर है। वरिष्ठ खनन व्यवसायी प्रद्युम्न सिंह ठमुन्ना ''ने कड़ी भर्तसना करते हुए इस हमले की तीव्र निंदा पर भी हमला है। आतंकवाद किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है और ऐसे कायराना हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए।यूनियन उपाध्यक्ष मिथिलेश अग्रहरि ने कहा कि केंद्र सरकार से जल्द से जल्द हमले के दोषियों को सख्त सजा देने की मांग की। साथ ही उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह दुख की घड़ी पूरे देश के लिए है, और हम सभी पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ और कठोर कदम उठाने की मांग की, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। शोकसभा में मौजूद खनन आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है।युवा खनन व्यवसायी निशु गर्ग ने कहा कि यह हमला देश की एकता व अखंडता पर प्रहार करने का दुस्साहस है। सभी राजनीतिक दल व संस्थाओं को सारे मतभेदों से ऊपर उठकर इसकी भर्त्सना करनी चाहिए।इस अवसर पर प्रमुख रूप से मुन्ना राय, संगठन मंत्री धर्मराज उपाध्याय, आनंद मौर्या, कृष्णा केशरी,दीपक केशरी,अजय अग्रहरि, रंजीत पटेल,दिनेश केशरी,रिक्की अग्रवाल,धनंजय केशरी,दिव्य प्रकाश केशरी,अमित अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन संगठन मंत्री उमाशंकर अग्रहरि ने किया।

## आपत्तिजनक पोस्ट करने पर थाने में दर्ज कराई गई शिकायत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**शहडोल।** ब्यौहारी निवासी रिजवान कादरी पिता अब्बास कादरी द्वारा




आये दिन फेसबुक अकाउंट के जरिये हिन्दुओं की आस्था का मजाक बनाते हुए भड़काऊ पोस्ट किया जाता है। साथ ही हंसने वाली ईमोजी लगाई जाती है। इसी क्रम में पहलगाम में घटित आतंकी घटना का भी विवादित पोस्ट रिजवान कादरी द्वारा सोशल मीडिया में की गयी है। जिसे लेकर ब्यौहारी नगर के हिन्दुओं में काफी आक्रोश व्याप्त है। रिजवान कादरी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर 24 अप्रैल को थाना ब्यौहारी में शिकायत दर्ज करायी गयी है। ज्ञात हो कि रिजवान कादरी के पिता अब्बास कादरी द्वारा भी पूर्व में आये दिन सोशल मीडिया में भड़काऊ पोस्ट किया जाता था। जिस पर थाना ब्यौहारी में अब्बास कादरी के खिलाफ मुकदमा पंजीबद्ध हुआ था और जेल की हवा भी खानी पड़ी थी। अब उसके पुत्र रिजवान कादरी द्वारा सोशल मीडिया में भड़काऊ पोस्ट किया जा रहा है, जिसे लेकर हिन्दुओं ने सख्त कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि वह इस तरह का पोस्ट कर हिन्दू-मुस्लिम विवाद कराने की फिराक में है।

## जेएसपी महाविद्यालय के शिक्षक और छात्र-छात्राओं द्वारा पहलगाम आतंकी हमला की किया निंदा दिवंगत आत्माओ कि शान्ति को ईश्वर से किया प्राथर्ना

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सोनभद्र विकास खण्ड करमा अंतर्गत जेएसपी महाविद्यालय मेंसभी संस्थानों के अध्यापक कर्मचारियों एवम छात्र-छात्राओं द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर पर उप प्रबंधक ममता सिंह ,अधीक्षक डॉ दशरथ, डॉक्टर प्रकाश,इंजीनियर अजीत कुमार



कसया कला सोनभद्र एवम इंद्र प्रताप बीटीसी कॉलेज, सरदार वल्लभभाई पटेल आईटीआई ,पारस सिंह कॉलेज आफ फार्मेसी, जेएसपी फार्मेसी के अध्यापक एवं कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं के द्वारा पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों की मृतक आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया कैंडल मार्च के तहत सभी ने इस घटना की घोर निंदा किया मुख्य नियंता डॉ रतनलाल सिंह के नेतृत्व पहलगाम हमले में मृतक आत्माओं की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की कॉलेज के संस्थापक बापू पारसनाथ सिंह ने कहा आतंकियों की कार्यकर्तापूर्ण घटना है जिसके लिए उनको कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए शिक्षक समाज इस घटना की घोर निंदा करता है एवं भत्सर्ना करता है और सरकार से मांग करता है कि आतंकियों को कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिए इस अवसर मौर्य, डॉक्टर अनुराग श्रीमती कविता मौर्य, कुमारी निष्ठा जायसवाल ,कार्यालय अधीक्षक जयप्रकाश वर्मा अधीक्षक जी एम सिंह राजकुमार, चूल्हीई, आदि लोग उपस्थित रहे इंद्र प्रताप बीटीसी कॉलेज के अधीक्षक जीएम सिंह ने कहा कि अब आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देने का वक्त आ गया है आतंकवाद देश के लिए बहुत बड़ा खतरा है इसलिए आतंकवाद का खात्मा होना चाहिए।

## मां विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज पापी सोनभद्र का जनपद में रहा दबदबा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** यूपी बोर्ड 2025 की परीक्षा में आयुषी मौर्य पुत्री सर्वजीत



कुमार ने हाई स्कूल में 600 में 566 अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया वह विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया हाई स्कूल में दिवाकर पुत्र अवधेश कुमार ने 530 अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान तथा शिवांगी विश्वकर्मा पुत्री शंभूनाथ विश्वकर्मा ने 520 अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही इंटरमीडिएट में चांदनी मौर्य पुत्री श्री राम सिंह ने 500 में से 421 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया अनिल कुमार पुत्र कमला प्रसाद व अलका मौर्य पुत्री से सुजीत कुमार मौर्य 500 में 411 अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान तथा बृजेश कुमार पुत्र श्री बालकरन ने 410 अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया विद्यालय के प्रबंधक श्री सर्वजीत कुशवाहा एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सरोज कुमार सहित उपस्थित सभी शिक्षक गण विरेन्द्र बहादुर यादव राजेश कुमार मौर्य मुन्नालाल जयहिंद सिंह चौहान मुबारक अली डॉ रमेश चंद्र वर्मा शैलेंद्र कुमार मौर्य आदि लोगों ने इन होनहारों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## इंटरमीडिएट के तीन टॉपर छात्रों को किया गया सम्मानित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जिले में शुक्रवार को हाई स्कूल इंटरमीडिएट के परिणाम घोषित होने के बाद नगर स्थित



राजा शारदा इंटरमीडिएट कॉलेज परिसर के इंटरमीडिएट के तीन छात्र हुए टॉपर जिनको विद्यालय प्रधानाचार्य व अतिथियों द्वारा पुष्प गुच्छ व माल्यार्पण कर किया गया सम्मानित।मुख्य अतिथि सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत प्रधानाचार्य डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह द्वारा बच्चों का मिठाई खिलाकर दी गई शुभकामनाएं वहीं प्रधानाचार्य बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि सोनाक्षी सिंह 500 में 474,, 94.80ज्ञ् व दिव्यांश केसरी 453 500 में 90.6ज्ञ् व हर्ष कुमार पाठक 500 में 445 89ज्ञ् अंक पाकर इंटरमीडिएट के इन छात्रों ने इंटर कॉलेज का नाम रोशन किया वहीं तीनों छात्रों को विद्यालय परिवार द्वारा माल्यार्पण व मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की गई इस मौके पर जितेंद्र सिंह अशोक कुमार सुनील कुमार राव आशुतोष सिंह रतन प्रदीप कुमार सुरेश चंद कनौजिया अनिल कुमार पासवान सुजाता सिंह अर्चना सिंह प्रियंका द्विवेदी प्रदीप विवेकानंद मिश्रा प्रेम सिंह पटेल आदि लोग मौजूद रहे ।

## दो दिन बाद फिर बदलेगा मौसम, तेज हवाओं के साथ हो सकती है बारिश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** भीषण गर्मी की वजह से लोग बेहाल हो रहे हैं। तीसरे दिन भी जिले में अधिकतम तापमान 46 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहा। अब दिन के साथ रातें भी हो गर्म हो सकती हैं। मौसम विज्ञानियों ने हीट वेव की संभावना जताते हुए सतर्क रहने की सलाह दी है। हालांकि दो दिन बाद तेज हवा चलने और गरज-चमक के साथ बारिश की भी अनुमान बताया है।शुक्रवार को दोपहर 12 बजे तक अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्यिस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहा। दोपहर बाद जैसे दिन चढ़ा अधिकतम तापमान दो डिग्री बढ़कर 46 पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। चढ़े पारे से दोपहर गर्म हवाएं चलने से पशु पंक्षी सहित आम जनमानस बेहाल रहा। धूप में कुछ देर चलने के बाद हर कोई छांव की ओर भाग रहा है। पश पक्षी भी दोपहरी पेड़ के छांव में बैठे नजर आए। विंध्याचल में सबसे व्यस्तम मिर्जापुर-प्रयागराज मार्ग पर दोपहर सन्नाटा छाया रहा। धूप व गर्मी से बचने के लिए लोग घरों में पंखे के नीचे बैठे रहे। चढ़ते तापमान के बीच पंखे भी राहत नहीं दे रहे हैं। गर्मी से निजात के लिए लोग शीतल पेय पदार्थो का सहारा लेते नजर आए। जहां भी शीतल पेय पदार्थो की दुकानें नजर आई लोग गला तर करने के बाद ही आगे बढ़ने को विवश रहे। दुकानों पर बोतल बंद ठंडा पानी की मांग बढ़ गई है। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, भू भौतिकी विभाग बीएचयू वाराणसी के नोडल अधिकारी प्रो. रवि शंकर सिंह व तकनीकी अधिकारी मौसम वैज्ञानिक शिव मंगल सिंह ने मौसम पूर्वानुमान के आधार पर बताया कि आने वाले दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान दोनों में वृद्धि हो सकती है। ऐसे में रातें अधिक गर्म होने की संभावना है, जबकि दिन के समय का तापमान हीट-वेव की स्थिति तक पहुंच सकता है। दो दिनों के बाद तेज गरज-चमक के साथ तूफान हवाओं के साथ हल्की बारिश होने हो सकती है।

## ट्रेन से गिरकर यात्री की जान गई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** विंध्याचल के शिवपुर के पास रेलवे लाइन पर शुक्रवार को सुबह एक व्यक्ति का शव मिला। उसकी मौत ट्रेन से गिरकर हुई थी। जीआरपी ने शव की शिनाख्त होने के बाद परिजनों को सूचना दी। सुल्तानपुर के कादीपुर थाना क्षेत्र के बनौता निवासी राज नरायण (55) मुंबई में बुनकर का काम करता है। वह बृहस्पतिवार को मुंबई से घर लौट रहा था। विंध्याचल रेलवे स्टेशन के पास यार्ड में शुक्रवार की सुबह के समय वह ट्रेन से गिर गया। सूचना पर जीआरपी विंध्याचल प्रभारी सुनील गौड़ मौके पर पहुंचे।उन्होंने मृतक के पास से मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त हुई। स्थानीय थाने के माध्यम से उसके परिजनों को सूचना दी गई। वहां से से यात्री के परिजन भी आ गए। जीआरपी प्रभारी सुनील गौड़ ने बताया कि किसी ट्रेन से गिरने से मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।



## पुलिस ने किया लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले दागे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद जारी अलर्ट के बीच शुक्रवार को पुलिस लाइन मैदान में दंगा नियंत्रण अभ्यास किया गया। पुलिस ने बलवाइयों को रोकने के लिए लाठीचार्ज की, गोली और आंशू गैस के गोले दागे। आग बुझाने का भी अभ्यास किया गया।पुलिस लाइन में चल रहे दंगा नियंत्रण अभ्यास के दौरान पुलिस और बलवाइयों की टीम बनाई गई थी। इसमें एक टीम में बलवा करने वाले लोग हंगामा कर रहे थे। पुलिस के मना करने के बाद भी नहीं मान रहे थे। पुलिस ने बलवा कर रहे लोगों पर पानी की बौछार की।इसके बाद पथराव करने वाले बलवाइयों पर फायरिंग की गई। इसमें घायल



बलवाई को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। मौके पर दंगा नियंत्रण के अभ्यास को देख रहे एसएसपी सोमेन बर्मा ने खामियों की जानकारी दी और उन्हें दुरुस्त करने को कहा। बताया कि एक टीम एलर्ट नहीं थी। जो टीम पीछे थी, उसे भी एलर्ट रहना चाहिए था।

## बस में महिला के बैग से 15 लाख के गहने चोरी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** भाई की शादी में शामिल होने के लिए शुक्रवार को परिवार के साथ रोडवेज बस से घोरावल जा रही महिला के बैग से 15 लाख के गहने चोरी हो गए। चोरी का पता चलने पर महिला और उसके बच्चों का रो-रोकर हाल बेहाल हो गया। महिला बार-बार बेहोश हो जा रही थी। महिला के पति की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिला। देहात कोतवाली क्षेत्र के दिलमन देवरियां गांव निवासी अधिवक्ता आशीष मिश्रा की ससुराल सोनभद्र के घोरावल में है। उनके साले रितेश और श्रीप्रकाश की शादी होनी है। 26 अप्रैल को तिलक और 29 अप्रैल को शादी होनी है। इसके लिए आशीष मिश्रा की पत्नी प्रमिता मिश्रा, अपनी पुत्री आराध्या, लाडो, पुत्र शिवाय और भाई रितेश के साथ रोडवेज मिर्जापुर पहुंची। सभी घोरावल जाने वाले बस में सवार हो गए।बस में आगे की ओर परिवार बैठा था। इस दौरान वहां पर चार युवक आकर बैठे। उनके पास पिट्ठू बैग था। चालक के पास की सीट के पास रखे बैग में ताला बंद था। चारो युवक बैग को एक ओर किए। बैग के चैन को खोलने लगे। चोरो बैग का घेरा बनाए थे। जिससे उनकी हरकत पता न चले। बैग से गहना निकालने के बाद बैग में रखा। इसके बाद चारो पानी पीने का बहना कर नीचे उतरते। बैग खुला देख छोटे बेटी लाडो ने मां को बताया। महिला ने शोर मचाया, तब तक चोरो युवक वहां से भाग गए थे। चारो काले रंग का कपड़ा पहने थे। महिल प्रतिमा ने इसकी सूचना अपने पति आशीष को दी। गहना चोरी हो जाने से महिला व बच्चो का रो-रोकर हाल बेहाल हो गया था। महिला रह-रह कर बेहोश हो जा रहा थी। बाजार में कपड़ा खरीद रहे आशीष रोडवेज पहुंचे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची कटरा कोतवाली पुलिस सीसी टीवी फुटेज की मदद से छानबीन में जुटी।आशीष ने बताया कि उनके दो साले रितेश और श्रीप्रकाश की शादी है। शादी में परिवार जा रहा था। पत्नी की करधनी, पैजनी, हार, जूड़ी, अंगूठी समेत करीब 15 लाख के गहने था। कटरा कोतवाल अजीत सिंह ने बताया कि सीसी कैमरे की फुटेज से जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ा जाएगा।




## चार घरों और मड़हों में लगी आग 12 मवेशी मरे और गृहस्थी राख

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**जिगना/हलिया।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शुक्रवार को दो मड़हों सहित चार घरों में आग लग गई। आग से गृहस्थी का सामान राख गया। वहीं, मड़हे में बंधे 12 मवेशियों की जलने से मौत हो गई। घटना की जानकारी पाकर पहुंचे अधिकारी राहत व बचाव कार्य में जुट गए।जिगना थाना क्षेत्र के डंगहर गांव में ढाई बजे दिन में एक मड़हे में आग लग गई। हवा के चलते आसपास के कच्चे घरों को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड के जवानों ने घंटों प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। सबसे पहले आग प्रभावती देवी के मडहे में लगी, जिसमें एक दर्जन मवेशी बंधे थे।देखते ही देखते आग जय शंकर शर्मा, रामराज बिंद, राम चरन बिंद, राम सजीवन बिंद, मन्नू बिंद, खूटी माझी, नान्हक माझी, छोटेलाल बिंद, शर्मा तिवारी, राम कृष्ण तिवारी, कालू माझी, फूलादेवी, के रहायसी मडहा, कच्चा मकान, झोपडी को अपनी चपेट में ले लिया।आग से मड़हे में बंधे 12 मवेशी जलकर मर गए और गई झुलस गए है। पीड़ितों के अनुसार अनाज, भूसा, लकडी के साथ घर गृहस्थी के सामान के अलावा कई पेड जल गए। मौके पर खंड विकास अधिकारी रामपाल और नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य में जुटे रहे।

## आतंकवाद के विनाश के लिए ठोस कदम उठाए सरकार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को पर्यटकों पर हुई आतंकी घटना पर लोगों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को आतंकवाद का पुतला फूंका। कंतित में मुस्लिम संगठनों ने भी रोष व्यक्त किया। लोगों ने केंद्र सरकार से आतंकवादियों के विनाश के लिए ठोस कार्रवाई करने की मांग की।गुड़हट्टी चौराहा पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंगदल के नेतृत्व में व सामाजिक संगठन, महिलाओं ने पाकिस्तान के झंडे व इस्लामिक आतंकवाद का पुतला दहन किया। कहा अब समय आ गया है कि इस्लामिक जिहादी पाकिस्तान व उसके कश्मीरी स्लीपर सेल के विरुद्ध कठोर कार्रवाई और मजहबी आतंकवाद का विनाश करे। कहा जम्मू कश्मीर घाटी के पहलगाम में जिस प्रकार पर्यटकों के पैंट उतारकर, कलमा पूछा। पुतला दहन में विद्या भूषण, राम चंद्र शुक्ला, महेश तिवारी, अमित पाठक, माता सहाय, कृष्ण पटेल, अभय मिश्रा, नपा अध्यक्ष श्यामसुंदर केसरी, विनय सिंह, संतोष दूबे, राज महेशवरी, पूर्व बजरंग दल जिला संयोजक रविशंकर साहू, विहिप के पूर्व जिला मंत्री मनोज दमकल, पार्वती गिरी, विष्णु कांत, पूनम केसरी आदि रहे।उधर, कंतित में मुस्लिम संगठनों ने आतंकी हमले को कायराना हरकत बताई। उन्होंने मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। चुनार में विश्व हिंदू परिषद सहित विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। आतंकवाद का पुतला दहन किया गया और मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।इससे पहले काशी प्रांत के मंत्री सत्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में नारेबाजी करते कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए नगर के गंगेश्वरनाथ, सराफा बाजार, चौक बाजार, गोला बाजार, सद्दुपुर, ऐबकपुर होते हुए तहसील परिसर का चक्रमण करते तहसील मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान आरएसएस जिला प्रचारक आलोक, नगर संघ चालक गोविंद, अमित, पवन, विवेक सिंह, रामसिंह, नारायण राठी, पूर्व सभासद जगदीश गुप्ता व ज्योति प्रकाश सिंह, गौतम जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स







## चिन्नास्वामी में खुला आरसीबी की जीत का खाता, राजस्थान की लगातार 5वीं शिकस्त

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** अपने घरेलू मैदान पर आरसीबी ने सत्र की पहली जीत दर्ज की। इससे पहले उन्होंने चिन्नास्वामी में तीन मुकाबला गंवाए




थे। नौ में से छह मैच जीत चुकी बेंगलुरु 12 अंक और 0.482 के नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। वहीं, राजस्थान लगातार पांच मैचों में शिकस्त के साथ आठवें स्थान पर बनी हुई है। विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद जोश हेजलवुड की घातक गेंदबाजी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने राजस्थान रॉयल्स को 11 रन से हरा दिया। गुरुवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 205 रन बनाए। यह आरसीबी का इस टीम के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर है। जवाब में राजस्थान की टीम निर्धारित ओवरों में नौ विकेट खोकर सिर्फ 194 रन ही बना सकी। उनके लिए यशस्वी जायसवाल ने सर्वाधिक 49 रन बनाए। वहीं, आरसीबी के लिए हेजलवुड ने चार विकेट झटके जबकि क्रुणाल पांड्या को दो विकेट मिले। इसके अलावा भुवनेश्वर कुमार और यश दयाल ने एक-एक सफलता अपने नाम की।अपने घरेलू मैदान पर आरसीबी ने सत्र की पहली जीत दर्ज की। इससे पहले उन्होंने चिन्नास्वामी में तीन मुकाबला गंवाए थे। नौ में से छह मैच जीत चुकी बेंगलुरु 12 अंक और 0.482 के नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। वहीं, राजस्थान लगातार पांच मैचों में शिकस्त के साथ आठवें स्थान पर बनी हुई है। उनका नेट रन रेट -0.625 हो गया है।यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई थी। 23 वर्षीय बल्लेबाज जायसवाल ने भुवनेश्वर कुमार के खिलाफ पारी की पहली ही गेंद पर छक्का जड़कर अपने इरादे जाहिर कर दिए थे। उन्होंने 14 वर्षीय सूर्यवंशी के साथ पहले विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी निभाई। उन्हें भुवनेश्वर कुमार ने बोल्ड किया। वहीं, यशस्वी 19 गेंदों में 49 रन बनाकर आउट हो गए। वह एक रन से अपना अर्धशतक पूरा करने से चूके। अपनी धमाकेदार पारी के दौरान उन्होंने सात चौके और तीन छक्के लगाए।इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए नीतीश राणा और रियान पराग ने मोर्चा संभाला और तीसरे विकेट के लिए 38 रन जोड़े। हालांकि, दोनों को क्रुणाल पांड्या ने अपना शिकार बनाया। नीतीश 28 और रियान 22 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस मुकाबले में जायसवाल के अलावा ध्रुव जुरेल ने 40 से ज्यादा रनों की पारी खेली। उन्होंने तीन चौके और इतने ही छक्के की मदद से 47 रन बनाए। हालांकि, वह अपनी टीम को जीत दिलाने से पहले ही आउट हो गए। आरसीबी के खिलाफ शुभम दुबे ने 12 रन बनाए जबकि जोफ्रा आर्चर खाता भी नहीं खोल पाए। वहीं, वानिंदु हसरंगा एक रन बनाकर रनआउट हो गए जबकि तुषार देशपांडे और फजलहक फारुकी क्रमशः एक और दो रन बनाकर नाबाद रहे।इस मैच में फिल सॉल्ट और विराट कोहली ने आरसीबी को सधी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी हुई। वानिंदु हसरंगा ने सातवें ओवर में सॉल्ट को अपना शिकार बनाया। वह 23 गेंदों में 26 रन बनाकर आउट हुए। इसमें चार चौके शामिल हैं। इसके बाद किंग कोहली को देवदत्त पडिक्कल का साथ मिला। दूसरे विकेट के लिए दोनों ने 51 गेंदों में 95 रन जोड़े। इस दौरान आरसीबी के पूर्व कप्तान ने 32 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह उनके आईपीएल करियर का 60वां पचासा है जबकि मौजूदा सत्र का पांचवां अर्धशतक है। वह 42 गेंदों में 70 रनों की तूफानी पारी खेलकर पवेलियन लौटे। इस दौरान उनके बल्ले से आठ चौके और दो छक्के निकले। वहीं, देवदत्त पडिक्कल ने 27 गेंदों नें 50 रन बनाए। उनके अलावा टिम डेविड ने 23, रजत पाटीदार ने एक रन बनाया। इसके अलावा जितेश शर्मा चार चौके की मदद से 20 रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान के लिए संदीप शर्मा ने दो विकेट लिए जबकि जोफ्रा आर्चर और वानिंदु हसरंगा ने एक-एक सफलता हासिल की।

## आईएसआईएस कश्मीर' ने भारतीय कोच गौतम गंभीर को दी जान से मारने की धमकी, दिल्ली पुलिस से की शिकायत

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** खतरे की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली पुलिस गहनता से इस मामले की जांच करेगी और गंभीर और उनके प्रियजनों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाएगी। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच और भाजपा के पूर्व सांसद गौतम गंभीर को 'आईएसआईएस कश्मीर' से जान



से मारने की धमकी मिली है। इस धमकी के बाद गंभीर ने बुधवार को दिल्ली पुलिस से संपर्क किया और तत्काल कार्रवाई की मांग की। राजेंद्र नगर पुलिस स्टेशन के एसएचओ और मध्य दिल्ली के डीसीपी के मुताबिक, गंभीर ने औपचारिक रूप से एफआईआर दर्ज करने का अनुरोध किया।गंभीर ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों से उनके परिवार और करीबी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का भी आग्रह किया। खतरे की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली पुलिस गहनता से इस मामले की जांच करेगी और गंभीर और उनके प्रियजनों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाएगी।रिपोर्ट के मुताबिक, 22 अप्रैल को गंभीर को दो धमकी भरे ईमेल मिले। एक ईमेल दोपहर में आया और दूसरा शाम को आया। दोनों में 'आई किल यू' संदेश लिखा था। यह पहली बार नहीं है जब गंभीर को इस तरह की धमकियों का सामना करना पड़ा है। नवंबर 2021 में सांसद के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान भी उन्हें इसी तरह का एक ईमेल मिला था। गंभीर ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की निंदा की। पहलगाम में मंगलवार को बायसरन घाटी में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर की गई गोलीबारी में 26 नागरिकों की मौत हो गई थी, जिसमें दो विदेशी नागरिक भी हैं। यह 2019 के पुलवामा आतंकी हमले के बाद से सबसे भयानक घटनाओं में से एक बन गया। पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के छद्म संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। गंभीर ने एक्स पर लिखा था, 'मृतकों के परिवारों के लिए प्रार्थना। इसके लिए जिम्मेदार लोगों को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत स्ट्राइक करेगा।गंभीर के अलावा कई और क्रिकेटरों ने भी पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की थी। इनमें सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव जैसे क्रिकेटर शामिल हैं। भारत के पूर्व क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने पाकिस्तान के साथ खेल संबंध पूरी तरह समाप्त करने की मांग की।

## घरेलू मैदान पर पहली जीत के इरादे से उतरेगा आरसीबी, सामने होगी राजस्थान की चुनौती

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** दोनों टीमों के हेड टु हेड रिकॉर्ड पर नजर डालें तो आरसीबी का राजस्थान पर पलड़ा



भारी है। दोनों के बीच कुल 33 मुकाबले खेले गए हैं, इनमें आरसीबी ने 16 मैच जीते जबकि राजस्थान को 14 मुकाबलों में जीत मिली है। वहीं, तीन मैच बेनतीजा रहे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरु बृहस्पतिवार को यहां आईपीएल के मैच में जब राजस्थान रॉयल्स का सामना करेगा तो उसका लक्ष्य अपने घरेलू मैदान चिन्नास्वामी स्टेडियम में रिकॉर्ड में सुधार करना होगा। आरसीबी ने इस मैदान में अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उन सभी में उसे हार का सामना करना पड़ा है। कप्तान की सेवाएं नहीं मिल पाएंगी क्योंकि संजू सैमसन मांसपेशियों में खिंचाव से उबर रहे हैं। राजस्थान की उम्मीदें जीत से ही कायम रहेंगी। इस मैच में राजस्थान आरसीबी से पिछली हार का बदला लेने के इरादे से उतरेगी। दरअसल, मौजूदा सत्र में यह दोनों टीमों की दूसरी भिड़ंत है। 13 अप्रैल को जयपुर में खेले गए मुकाबले में आरसीबी ने राजस्थान को उनके घर में नौ विकेट से हराया था। रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली टीम फिलहाल अंक तालिका में चौथे पायदान पर है। उनके खाते में 10 अंक और 0.472 का नेट रन रेट है। वहीं, राजस्थान आठ में से छह गंवाने के बाद चार अंक लेकर आठवें स्थान पर हैं।दोनों टीमों के हेड टु हेड रिकॉर्ड पर नजर डालें तो आरसीबी का राजस्थान पर पलड़ा भारी रहा है। दोनों के बीच कुल 33 मुकाबले खेले गए हैं, इनमें आरसीबी ने 16 मैच जीते जबकि राजस्थान को 14 मुकाबलों में जीत मिली है। वहीं, तीन मैच बेनतीजा रहे हैं। राजस्थान के खिला आरसीबी का उच्चतम स्कोर 200 रहा है जबकि राजस्थान ने इस टीम के खिलाफ 217 रन का उच्चतम स्कोर बनाया है।फिल सॉल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), रोमारियो शेफर्ड, टिम डेविड, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, यश दयाल। वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल, नीतीश राणा, रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वानिंदु हसरंगा, जोफ्रा आर्चर, महीश तीक्षणा, तुषार देशपांडे।

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद बीसीसीआई का पाकिस्तान को कड़ा संदेश, राजीव शुक्ला ने कही यह बात

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम



में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और मुंबई इंडियंस (एमआई) के बीच आईपीएल मैच नंबर 41 के दौरान पहलगाम में आतंकी हमले में मरने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत पाकिस्तान के खिलाफ कोई द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं खेलेगा। भारत और पाकिस्तान ने 2012-13 के बाद से द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली है। भारत आखिरी बार 2008 में पाकिस्तान गया था। दोनों टीमें केवल एक दूसरे का सामना आईसीसी या फिर एसीसी टूर्नामेंट्स के दौरान ही करती हैं। पाकिस्तान पिछली बार वनडे विश्व कप 2023 के लिए भारत आया था। हालांकि, भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार कर दिया था और टीम इंडिया के सभी मैच दुबई में आयोजित किए गए थे।भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत पाकिस्तान के खिलाफ कोई द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं खेलेगा। भारत और पाकिस्तान ने 2012-13 के बाद से द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली है। भारत आखिरी बार 2008 में पाकिस्तान गया था। दोनों टीमें केवल एक दूसरे का सामना आईसीसी या फिर एसीसी टूर्नामेंट्स के दौरान ही करती हैं। पाकिस्तान पिछली बार वनडे विश्व कप 2023 के लिए भारत आया था। हालांकि, भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार कर दिया था और टीम इंडिया के सभी मैच दुबई में आयोजित किए गए थे।बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने भी पहलगाम आतंकी हमले पर दुख व्यक्त किया था। उन्होंने कहा, 'क्रिकेट समुदाय पहलगाम में भयावह आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की दुखद मौत से बहुत स्तब्ध और दुखी है। बीसीसीआई इस वीभत्स और कायराना कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करता है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं और दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना करता हूं। उनके दुख और दर्द को साझा करने के लिए हम दुख की इस घड़ी में उनके साथ खड़े हैं।भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और मुंबई इंडियंस (एमआई) के बीच आईपीएल मैच नंबर 41 के दौरान पहलगाम में आतंकी हमले में मरने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी थी।

## पंत वही करने की कोशिश कर रहे जो धोनी करते हैं

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** पुजारा ने कहा, 'मैं सच में नहीं जानता पंत को नीचे भेजने के पीछे क्या वजह थी। वह वही करने की कोशिश कर रहे हैं जो एमएस धोनी करते हैं।अनुभवी भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) की हार के बाद ऋषभ पंत के खुद को डिमोट करने के फैसले की आलोचना की है। पंत खुद सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए और पारी की अंतिम गेंद पर मुकेश कुमार ने उन्हें बोल्ड किया। वह दो गेंद खेले और खाता नहीं खोल सके। पुजारा का मानना है कि पंत को बीच के ओवरों में बल्लेबाजी करनी चाहिए, खासकर तब जब उनकी टीम को उनकी सबसे ज्यादा जरूरत है। पुजारा ने यह भी सुझाव दिया कि पंत फिनिशर नहीं हैं और उन्हें एमएस धोनी के रास्ते पर जाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। मैच के बाद पंत ने खुद को बल्लेबाजी क्रम में नीचे रखने के पीछे के कारण का खुलासा किया था। उन्होंने कहा, 'हमारा विचार मौके को भुनाने का था। हमने समद को इस तरह की परिस्थिति का सही इस्तेमाल करने के लिए भेजा था। इसके बाद मिलर आए और हम वास्तव में विकेट में फंस गए। ये ऐसी चीजें हैं जिन्हें हमें समझना होगा और आगे बढ़ने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ संयोजन खोजने की कोशिश करनी होगी।'पंत ने कहा, 'हमें पता था कि हमने 20 रन कम बनाए। लखनऊ में टॉस ने बड़ी भूमिका निभाती है। जो भी पहले गेंदबाजी कर रहा होता है उसे विकेट से काफी मदद मिलती है। हमें बस वहीं रुकना था और टिक कर बल्लेबाजी करनी थी, लेकिन हम ऐसा नहीं कर सके।' पंत को एलएसजी ने मेगा नीलामी में रिकॉर्ड तोड़ 27 करोड़ रुपये में खरीदा था।

## विराट कोहली टी20 में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज, क्रिस गेल और बाबर आजम को पीछे छोड़ा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** विराट कोहली शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में अर्धशतकीय पारी खेलकर कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। वह टी20 में सबसे ज्यादा 50ह्र स्कोर बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में अर्धशतकीय पारी खेलकर कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। वह टी20 में सबसे ज्यादा 50ह्र स्कोर बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। इसके अलावा कोहली ओपनिंग करते हुए इस प्रारूप में 50 से ज्यादा रनों की पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए।बंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में विराट कोहली का बल्ला जमकर गरजा। उन्होंने 32 गेंदों में मौजूदा सत्र का अपना पांचवां पचासा पूरा किया। यह उनके आईपीएल करियर का 60वां अर्धशतक भी है। इसी के साथ किंग कोहली ने बाबर आजम का रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने ओपनिंग करते हुए 62 बार 50 से ज्यादा रनों की पारी खेली। वहीं, बाबर आजम ने 61 बार टी20 में 50 से ज्यादा रनों की पारियां खेली हैं। राजस्थान के खिलाफ दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 70 रनों की तूफानी पारी खेली। इसमें आठ चौके और दो छक्के शामिल हैं। कोहली इसी के साथ टी20 प्रारूप में सर्वाधिक 50ह्र स्कोर बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 110 बार 50ह्र स्कोर बनाया। विराट कोहली के नाम 111ङ बार टी20 में 50 से ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है।



## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते है। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन्न रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## विश्व कप में फलस्तीन का किया था समर्थन, लेकिन पहलगाम हमले पर कोई पोस्ट नहीं

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** फलस्तीन का समर्थन करने वाले पाकिस्तानी क्रिकेटरों का अब दोहरा चरित्र सामने आया और उनके तथाकथित मानव मूल्यों को लेकर बयानों का भी पर्दाफाश हो गया है। पहलगाम में आतंकी हमले की पूरी दुनिया में निंदा हो रही है। हर कोई आतंकियों की इस कायराना हरकत पर आक्रोश व्यक्त कर रहा है। इस हमले में 26 मासूमों की जान चली गई। इनमें दो विदेशी नागरिक भी शामिल रहे। हालांकि, 2023 वनडे विश्व कप के दौरान फलस्तीन के लिए समर्थन दिखाने वाले पाकिस्तानी क्रिकेटरों की ओर से कोई पोस्ट नहीं आया है। उन्होंने यहां आतंकी हमले की कोई निंदा नहीं की है। इससे पाकिस्तानी क्रिकेटरों का दोहरा चरित्र सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स में आतंकियों के पाकिस्तानी होने और वहीं से ट्रेनिंग लेने की बात भी सामने आई है, लेकिन पीड़ितों को लेकर पाकिस्तानी क्रिकेटर्स ने कोई पोस्ट नहीं किया है।बात साल 2023 में भारत में हुए वनडे विश्व कप की है। विश्व कप के बीच में ही आईसीसी द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने फलस्तीन



के समर्थन में पोस्ट किए थे। पाकिस्तान के शादाब खान, हारिस रऊफ, मोहम्मद नवाज, सलमान अगा और इफ्तिखार अहमद जैसे बड़े खिलाड़ियों ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) के साथ-साथ इंस्टाग्राम अकाउंट से फलस्तीन के झंडे का फोटो शेयर किया था। इतना ही नहीं ऑलराउंडर इमाद वसीम, पेस बॉलिंग ऑलराउंडर फहीम अशरफ, संन्यास ले चुके अजहर अली और उसामा मीर ने भी फलस्तीन का झंडा शेयर किया था।वहीं, विकेटकीपर बल्लेबाज और वनडे कप्तान मोहम्मद रिजवान ने श्रीलंका के खिलाफ पाकिस्तान की जीत और अपने शतक को गाजा को समर्पित किया था। श्रीलंका के खिलाफ मैच में रिजवान ने शतक जड़ा था। उन्होंने नाबाद 131 रन की पारी खेली थी। इस पारी के बाद रिजवान ने एक्स (पहले ट्विटर) पर पोस्ट कर लिखा- यह जीत गाजा में हमारे भाइयों और बहनों के लिए था। जीत में योगदान देकर खुश हूं।' वनडे विश्व कप 2023 के दौरान कई मौकों पर इस्राइल-हमास युद्ध से जुड़े प्लेकार्ड और पोस्टर्स को मैदान में पकड़ा गया था। आईसीसी ने इस पर रोक लगाई थी। सिर्फ प्लेकार्ड ही नहीं, इस्राइल या फलस्तीन के समर्थन में किसी भी तरीके के नारे लगाने पर पाबंदी लगाई गई थी। इस्राइल और हमास के बीच युद्ध में हजारों लोगों की मौत हुई थी। इस युद्ध के दौरान गाजा के अल-अहली अस्पताल में विस्फोट हुआ था, जिसमें सैकड़ों लोगों की जान चली गई थी। इस हमले का आरोप हमास और इस्राइल एक दूसरे पर मढ़ते दिखे थे।हालांकि, फलस्तीन का समर्थन करने वाले पाकिस्तानी क्रिकेटरों का अब दोहरा चरित्र सामने आया और उनके तथाकथित मानव मूल्यों को लेकर बयानों का भी पर्दाफाश हो गया है। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर और प्रोफेसर के नाम से मशहूर मोहम्मद हफीज ने ही सिर्फ इस घटना की निंदा की है। उन्होंने लिखा- दुखी हूं और दिल टूट गया।

# सम्पादकीय

## कश्मीर की आर्थिकी पर भी आघात, पर्यटन क्षेत्र को भी करारा झटका

कश्मीर की सबसे खूबसूरत वादियों में से एक पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले ने जम्मू-कश्मीर में पर्यटन क्षेत्र को भी करारा झटका दिया है। इसके साथ ही पर्यटन से जुड़े लाखों कश्मीरियों के जीवन में घोर निराशा घर कर गई है। जम्मू-कश्मीर में लगभग पांच लाख लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से पर्यटन उद्योग-कारोबार में रोजगार मिला हुआ है। इनमें से अधिकांश के लिए टैक्सी सर्विस, होटल, गाइड, हस्तशिल्प और पर्यटन से जुड़ी गतिविधियां जीविका का साधन हैं। इस आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में रिकार्ड तोड़ती पर्यटकों की संख्या कम होते हुए दिखाई दे रही है। बड़ी संख्या में पर्यटक अपनी होटल एवं फ्लाइट बुकिंग कैंसिल करा रहे हैं। इसका सीधा असर वहां के पर्यटन उद्योग-कारोबार और स्थानीय लोगों की आय पर दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि पिछली सदी के अंतिम दशक में जब जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद चरम पर था, जब कश्मीरी हिंदू घाटी छोड़कर जा रहे थे, तब कश्मीर में पर्यटकों की संख्या नगण्य हो गई थी, लेकिन अनुच्छेद 370 और 35ए हटाए जाने और विधानसभा चुनाव के बाद माहौल सुरक्षित होने के बाद प्रदेश में देश-विदेश के पर्यटकों के कदम तेजी से बढ़ने लगे थे। पर्यटन की ताकत के दम पर राज्य की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ने लगी थी। वित्त वर्ष 2024-25 में जम्मू-कश्मीर की विकास दर सात प्रतिशत से अधिक रही। उसका सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) करीब 2.65 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। वहां के लोगों की प्रति व्यक्ति आय भी करीब 11 प्रतिशत बढ़कर डेढ़ लाख रुपये से अधिक हो गई है। इस कारण बेरोजगारी दर भी घटी है। यदि हम जम्मू-कश्मीर में पहुंचे पर्यटकों की संख्या देखें तो यह वर्ष 2020 में करीब 34 लाख थी। वर्ष 2023 में वहां 2.11 करोड़ पर्यटक पहुंचे थे। यह संख्या वर्ष 2024 में बढ़कर 2.36 करोड़ पहुंच गई, जो एक रिकार्ड है। इस समय प्रदेश के पर्यटन उद्योग का आकार लगभग 12 हजार करोड़ रुपये का है। आर्थिक गतिविधियों के दायरे में वृद्धि होने से जम्मू-कश्मीर की आर्थिकी में सेवा क्षेत्र का योगदान करीब 61 प्रतिशत हो गया है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह करीब 55 प्रतिशत ही है। राज्य के गैर कर राजस्व में पर्यटन क्षेत्र की हिस्सेदारी तेजी से बढ़कर 25 प्रतिशत से अधिक हो गई है, लेकिन अब इस आतंकी हमले ने पर्यटन कारोबार को संकट में डाल दिया है। वर्ष 2019 में पुलवामा में हुए आतंकी हमले के कारण भी जम्मू-कश्मीर में पर्यटन को बड़ा झटका लगा था और पर्यटकों की संख्या घटकर आधी रह गई थी। पर्यटन कश्मीर की आर्थिक शक्ति है, जबकि एक दशक पहले कश्मीर की आर्थिकी में केंद्र सरकार द्वारा दिए गए संसाधनों की अधिक भूमिका थी। हालांकि जम्मू-कश्मीर के अधिकांश लोग जीवन निर्वाह के लिए परंपरागत कृषि कार्य में संलग्न दिखते हैं। कश्मीरी लोग चावल, मक्का, गेहूं, जौ, दलहन, तिलहन तथा तंबाकू आदि उत्पादित करते हैं। साथ ही बड़े-बड़े बागों में सेब, नाशपाती, आडू, शहतूत, अखरोट और बादाम उगाए जाते हैं, लेकिन इन सबकी उत्पादकता बहुत कम है। अनुच्छेद-370 हटाए जाने के बाद पिछले पांच वर्षों में जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों के बढ़ने से राज्य की आर्थिकी में सुधार होने लगा था। इससे कश्मीर के हस्तशिल्प और छोटे उद्योगों का विकास दिखाई देने लगा था। इसका फायदा यहां के लोगों को सीधे तौर पर रोजगार के अवसर के रूप में मिलने लगा था। ऐसे में कश्मीर से अपने घर को छोड़कर दूसरे राज्यों में नौकरी के लिए जाने वाले युवाओं की संख्या में कमी आने लगी थी। कश्मीरी लोगों के जीवनस्तर में सुधार होने लगा था। नया निवेश आने से बुनियादी ढांचे, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा होने के साथ आर्थिक-सामाजिक खुशहाली बढ़ने लगी थी, लेकिन पहलगाम में आतंकी हमला कश्मीर के पर्यटन उद्योग की रीढ़ तोड़ते हुए दिखाई दे रहा है। साफ है कि आतंकियों ने कश्मीरी लोगों की आर्थिकी पर भी करारा आघात किया है। विश्व यात्रा एवं पर्यटन परिषद के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था का लगभग सात प्रतिशत हिस्सा पर्यटन क्षेत्र से आता है। भारत में पर्यटन उद्योग का आकार वर्ष 2024 में लगभग 256 अरब डालर रहा। पर्यटन उद्योग करीब 4.5 करोड़ लोगों को रोजगार देता है। तेजी से बढ़ता भारत का पर्यटन उद्योग अगले 10 वर्षों में 523 अरब डालर का हो सकता है। भारत दुनिया के खूबसूरत और अद्भुत देशों में से एक है। भारत अपने बेजोड़ पर्यटन स्थलों के दम पर दुनिया के पर्यटकों को आकर्षित करने की संभावनाएं रखता है। सदियों से पर्यटक और आगंतुक इसके स्थलों की ओर आकर्षित होते रहे हैं। पर्यटन मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में वर्ष 2023 में 1.89 करोड़ अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों का आगमन दर्ज किया गया। उस साल पर्यटन के माध्यम से विदेशी मुद्रा आय बढ़कर 2.32 लाख करोड़ रुपये हो गई थी। घरेलू पर्यटक भी देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर गए। इसके बावजूद भारत में पर्यटन उद्योग अभी बहुत पीछे है। पर्यटकों का खर्च स्थानीय अर्थव्यवस्था में पुनः निवेश का काम करता है। पर्यटकों की संख्या बढ़ने से रोजगार और पर्यटन से जुड़े विभिन्न उद्योग-कारोबार भी बढ़ते हैं। उम्मीद है कि मोदी सरकार कुछ ऐसे कदम उठाएगी, जिससे पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर सहित पूरे देश में पर्यटन पर छाए निराशा के बादल छंटेंगे।

## पाकिस्तानी सेना को नहीं सुहाती शांति

पूरा देश इस समय पहलगाम आतंकी हमले को लेकर आक्रोश में है। चूंकि यह आतंकी हमला पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर के एक हालिया जहरीले भाषण के कुछ दिन बाद ही हुआ, इसलिए इस हमले के तार उनके उस संबोधन से भी जोड़कर देखे जा रहे हैं। गत 16 अप्रैल को इस्लामाबाद में प्रवासी पाकिस्तानियों के समक्ष दिया गया उनका यह भाषण खासा चर्चित हुआ था। आज इस भाषण के बिंदुओं और उसके महत्वपूर्ण संदर्भ को समझना और जरूरी हो गया है। मुनीर के भाषण के मुख्य रूप से तीन पहलू हैं। पहला यह कि यह संबोधन उस पृष्ठभूमि में हुआ, जब पाकिस्तान बेहद मुश्किल दौर से गुजर रहा है। इन मुश्किलों में राजनीतिक ध्रुवीकरण, अलगाववाद, पानी की साझेदारी को लेकर प्रांतों में खटपट और खस्ताहाल अर्थव्यवस्था जैसे पहलू जुड़े हैं। पाकिस्तानी आर्थिकी तो इतनी कठिनाइयों में फंसी है कि आइएमएफ जैसी संस्थाओं के रहमो-करम पर बस किसी तरह चल रही है। दूसरा, अपने भाषण के जरिये उन्होंने विदेश में बसे पाकिस्तानियों का समर्थन जुटाने का प्रयास किया, जो इमरान खान के समर्थक माने जाते हैं। तीसरा पहलू संभवतः सबसे अहम है कि उन्होंने सेना प्रमुख के रूप में अपने सेवा विस्तार के लिए दांव चला, क्योंकि नवंबर में उनका कार्यकाल समाप्त हो रहा है। वह यही साबित करना चाहते थे कि सेना ही साहस और एकजुटता से समस्याओं का सामना कर रही है, पर वह अपनी इन कोशिश में सफल होते नहीं दिखे। मुनीर के भाषण का सार समझें तो उन्होंने हिंदू-मुस्लिम दो अलग-अलग पहचान बताते हुए पाकिस्तान के गठन की आवश्यकता को नए सिरे से रेखांकित किया। बलूचिस्तान में अलगाववाद को लेकर दावा किया कि यह बहुत बड़ी समस्या नहीं और कश्मीर को पाकिस्तान की 'गर्दन की नस' बताकर उसके प्रति संवेदनशीलता जाहिर की। इसमें सबसे विवादित अंश को देखें तो उन्होंने मुसलमानों को हिंदुओं से सर्वथा भिन्न बताते हुए भारत-विरोधी विमर्श को नए तेवर दिए। उन्होंने कहा, 'हमारे पूर्वजों ने यही सोचा कि जीवन के प्रत्येक पहलू के लिहाज से हम हिंदुओं से बिल्कुल अलग हैं। हमारा मजहब, हमारी मान्यताएं, हमारी परंपराएं और आकांक्षाएं बिल्कुल अलग हैं। इसी कारण द्विराष्ट्रवाद की नींव तैयार की गई। हम दो अलग देश हैं, जो किसी सूरत में एक नहीं।' उन्होंने दोहराया कि पाकिस्तान का गठन जिस द्विराष्ट्रवाद की धारणा पर हुआ, वह भावना भावी पीढ़ियों में भी अवश्य भरी जानी चाहिए।

# सत्य का शोध करने निकले देश के पहले महात्मा की कहानी, स्कूलों में मुफ्त दिखानी चाहिए फिल्म


सिनेमा समाज का दर्पण है, ये वाक्य अनगिनत बार फिल्मों पर लिखे गए आलेखों में दोहराया जा चुका है। इधर लोग अपना चेहरा अपने मोबाइल का कैमरा फ्लिप करके भी देखने लगे हैं। मामला सेल्फ को जानने से ज्यादा सेल्फी तक पहुंच चुका है। सब कुछ इतना सेल्फिश होता जा रहा है कि न दीन की चिंता रही और न दुनिया की। दीनी तालीम के बीच किसी ने नहीं समझा, इल्म की अहमियत की क्या है? मुसल्लिम ईमान का अर्थ भी भूल रहे हैं लोग। उत्तर की सियासत में इन दिनों पीडीए पर जोर है। फुले ने यही काम आजादी से पहले किया। पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के एका के बूते आजादी की लड़ाई लड़ने की बात उन्होंने कही और इसके लिए जरूरी थी समाज में समानता और शिक्षा के अधिकार की लड़ाई। फुले बहुत सारे स्कूलों में पढ़ाए नहीं जाते। अधिकांश आबादी को पता ही नहीं कि जब महाराष्ट्र और गुजरात एक ही सूबे थे और बॉम्बे कहलाते थे, तब के महाराजा ने देश में पहली बार किसी को आधिकारिक रूप से महात्मा की उपाधि दी। मोहनदास करमचंद गांधी के महात्मा गांधी बनने से भी पहले।अभिनेता से निर्देशक बने अनंत (नारायण) महादेवन ने कैमरे के आगे और पीछे अपनी जवानी के दिनों में खूब कूद फांद की। केरल में जन्मे, महाराष्ट्र में मशहूर हुए अनंत को बायोपिक बनाने में आनंद 'मी सिंधुताई सपकाल' से आना शुरू हुआ। कम लोग ही जानते होंगे लेकिन केरल के मशहूर अंतरिक्ष वैज्ञानिक नंबी नारायणन पर बनी फिल्म 'रॉकेट्री' भी पहले वह ही निर्देशित करने वाले थे। उनकी बनाई 'गौर हरी दास्तान' भारतीय सिनेमा की धरोहर है। उनकी एक और फिल्म 'माई घाट' अब भी रिलीज की कतार में हैं। फिल्म 'फुले' उनकी साधना है। साधना इसलिए क्योंकि इसमें विघ्न कम नहीं हुए हैं। यह समाज के दबे कुचले उस वर्ग की कहानी है जिसे पहली बार 'दलित' कहकर फुले ने ही पुकारा। फुले दरअसल ज्योतिराव की जाति नहीं है। फूलों के किसान परिवार में जन्मे ज्योतिराव के पिता ने ये सरनेम अपने नाम के साथ राजा से मिली जमीन पर खेती करने के साथ रखा।



गेंदा फूल फिल्म के शुरू से आखिर तक रहता है। पीले चटख रंगों वाला। समाज के संभ्रांत परिवार के घरों को सजाने वाला। देवताओं पर चढ़कर इतराने वाला। और, जो इसे उगाता है, उसकी परछाई तक से देवताओं की पूजा करने, करवाने वाले कतराते हैं। फिल्म 'फुले' अंग्रेजों से आजादी के लिए चल रही लड़ाई के साथ साथ चलती फिल्म है। कूड़े के बीच छिपकर बेटियां पढ़ने पहुंच रही हैं। एक ब्राह्मण ने ज्योतिराव और सावित्री को अपने घर मे लड़कियों का स्कूल चलाने की जगह दी है। बेटियां पढ़ेंगी तो घर का काम कौन करेगा? जैसी सोच वाले हिंदुओं के चंद पुजारी और मुसलमानों के कुछ मौलवी इसका विरोध करते हैं। जान से मारने के लिए हमला करवाते हैं। सरेराह बेइज्जती करते हैं। पर फेंकने वालों का गोबर कम पड़ गया और फुले दंपती ने वह कर दिखाया जिसका जिक्र आज तक हो रहा है। खुद को शरण देने वाले परिवार की युवती फातिमा के साथ मिलकर सावित्री ने स्त्री शिक्षा की अलख जगाई। उनके ही स्कूल की एक छात्रा के निबंध से दलित साहित्य की नींव पड़ी और फिर दलितों की शादी में फुले ने खुद ही मंत्रोच्चार करके यह भी जताया कि वर्ण व्यवस्था का आधार सामाजिक से अधिक आर्थिक है। यह एक ऐसी क्रांति की शुरुआत है जिसकी नींव उस शिक्षा पर रखी गई जो ज्योतिराव को उसके पिता ने बचपन में दिलाई। पिता इसके लिए खुद को कोसता भी है लेकिन ज्योतिराव ने पहले अपनी पत्नी को पढ़ाया। फिर उसके साथ मिलकर और बेटियों को पढ़ाया और फिर ये सिलसिला चल निकला। स्त्री शिक्षा और सामाजिक समरसता की इस कमाल की कलाकृति के कथानक पर सेंसर बोर्ड को क्या दिक्कत हो सकती है, शोध करने वाली बात है। ज्योतिबा फुले ने सत्यशोधक समाज की स्थापना की। उसमें सिर्फ दलित ही नहीं रहे बल्कि अगड़ी जातियों के लोगों ने भी उनका साथ दिया। अछूत कहकर बुलाए जाने वालों के लिए जिसने अपने घर के आंगन में कुआं खोद दिया हो, जिसने एक अनाथ विधवा के बच्चे को अपना बच्चा मानकर अपना लिया हो, उसकी कहानी तो पाठ्यक्रमों में शामिल होनी चाहिए और वह भी पूरे देश में, लेकिन गुजरात के महात्मा को तो पूरा देश जानता है पर महाराष्ट्र के इस आधिकारिक महात्मा को? हो सकता है पचास के अरते परते पहुंच चुके लोग ज्योतिबा फुले और सावित्री फुले के बारे में जानते हों, लेकिन क्या उनको भी ये पता होगा कि समाज में बराबरी का हक लड़ने की लड़ाई में जब ज्योतिबा फुले को ईसाई धर्म अपनाने का न्यौता मिला तो क्या हुआ? कैसे आखिरकार उस समय के सामंतों को ये बात समझ आई कि हिंदू धर्म को जातियों में विभाजित करने का षडयंत्र जो अंग्रेजों ने रचा है, ज्योतिराव उसके खिलाफ है।फिल्म 'फुले' एक कालखंड को सहेजती फिल्म है। फिल्म को बिना किसी पूर्वाग्रह के और विस्तृत नजरिये से देखेंगे तो ये हिंदी सिनेमा का एक नया आईना नजर आएगा। ब्राह्मणों ने यदि निचली जातियों पर किसी समय में अति की है, तो उसके सच का सामना आज की पीढ़ी को करना ही चाहिए। जो बात रिकॉर्ड में है, उसे झुठलाया नहीं जा सकता। और, न ही अपने अतीत से मुंह मोड़कर या उसे छुपाकर ही कोई समाज आगे बढ़ सकता है। इतिहास को तोड़ मरोड़कर, उसे किसी खास नजरिये से पेश करने की कोशिशें भी कम नहीं हो रही हैं, सिनेमा में, लेकिन 74 साल का एक ब्राह्मण बतौर निर्देशक अगर एक ऐसी कहानी कहने निकला है, जिसमें उसके अपनों पर ही उंगलियां उठती दिखती है, तो ये उसके साहस की बानगी है। अनंत नारायण महादेवन ने सत्य और साहस के साथ ये फिल्म बनाई है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में इसे पुरस्कार मिलता है या नहीं, इससे तय होगा कि इस कालखंड के निर्णायकों मे कितना पूर्वाग्रह है और कितना नहीं रही बात फिल्म के तकनीकी विस्तार की तो, अभिनय के मामले में प्रतीक गांधी और पत्रलेखा ने अपना सबकुछ इस फिल्म में झोंक देने की कोशिश की है। युवा ज्योतिबा के मुकाबले बुजुर्ग ज्योतिबा के किरदार में प्रतीक का काम प्रशंसनीय है। उनको अपनी एक खास मैनरिज्म का खतरा शुरू से रहा है, वह कुछ-कुछ पंकज त्रिपाठी वाली कमजोरी मे भी अटके दिखते हैं जिसमें हर संवाद वह बस एक ही ढर्रे में बोल जाते हैं। हालांकि, जैसे जैसे फिल्म आगे बढ़ती है प्रतीक का अभिनय किरदार के साथ समरस होता जाता है। पत्रलेखा ने अपने चेहरे के साथ जो भी प्रयोग किए हैं, वे इस फिल्म के सहज प्रवाह में शुरुआती दृश्यों में बड़ी बाधा बनते हैं। उनको सावित्री बाई के किरदार में स्वीकारने में समय लगता है। हिंदी भी उनकी स्पष्ट नहीं है, प्रतीक के मुकाबले मराठी भी उन्होंने कम ही बोली है। फिर भी, दोनों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने लायक काम किया है। हां, ऐसी काल विशेष की कहानियों में किरदारों में कलाकारों का खो जाना बहुत जरूरी है। फिल्म के सहायक कलाकारों में विनय पाठक और एलेक्स ओ नील का काम अत्यंत प्रभावी है। मोनाली ठाकुर का गाया और कौसर मुनीर का लिखा गाना 'साथी' फिल्म को भावुक बनाने में बहुत मदद करता है। ओपनिंग क्रेडिट्स में फिल्म की सिनेमैटोग्राफर सुनीता राडिया का नाम शायद नहीं दिखा, लेकिन, काम उनका भी बोलता है। रौनक फडनिस ने संपादन में फिल्म को चुस्त रखा है।

## जल संरक्षण की प्रेरणा देता 'खूनी भंडारा

मध्य प्रदेश के निमाड़?क्षेत्र में स्थित जल संरक्षण की अद्भुत संरचना आधुनिक रेनवाटर हार्वेस्टिंग से मिलती-जुलती है। खूनी भंडारा के नाम से प्रसिद्ध यह प्राचीन जलाशय तकनीकी दृष्टि से बेहद अनूठा है। इसे देती हैं। दरअसल, खूनी भंडारा एक पारंपरिक जल संग्रहण प्रणाली है, जिसे स्थानीय भाषा में कुंडी भी कहा जाता है।निमाड़ का यह प्राचीन जलाशय तकनीकी दृष्टि से बेहद अनूठा है। इसे जमीन के भीतर करीब 400 साल पहले बनाया गया लेकिन इसने इस जल संरचना को रहस्यमय पहचान जरूर दी है। कुछ लोग इसे 'भयंकर भंडारा' भी कहते हैं, जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि समय के साथ इसमें कितनी कहानियां जुड़ गई हैं। निर्माण तकनीक की



जमीन के भीतर करीब 400 साल पहले बनाया गया था। कहा जाता है कि जब यह भंडारा बन रहा था, तब कुछ लुटेरों ने स्थानीय निवासियों पर हमला कर दिया। हिंसा में कई लोग मारे गए और उनके शव इस संरचना में गिरा दिए गए। रक्त से रंगे पानी के कारण इसे 'खूनी भंडारा' कहा जाने लगा। हम जब जल संकट व?ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों की बात करते हैं, तो हमारे जेहन में आधुनिक समाधान आते हैं। लेकिन भारत में सदियों पुरानी तकनीकें और जल संरक्षण की ऐतिहासिक संरचनाएं आज भी चौंकाती हैं। मध्य प्रदेश के निमाड़ क्षेत्र के बुरहानपुर जिले में स्थित 'खूनी भंडारा' ऐसी ही एक अद्भुत मिसाल है, जो न सिर्फ अपनी निर्माण शैली के लिए जानी जाती है, बल्कि इसके पीछे छिपी कहानियां भी इसे रहस्यमय बना था। इसकी खासियत यह है कि बारिश का पानी भूमिगत नालियों के माध्यम से इसमें इकट्ठा हो जाता है, और फिर स्वच्छ रूप में लोगों तक पहुंचता है। यह प्रणाली इतनी कारगर है कि आज भी इसमें मीठा पानी उपलब्ध है। इतिहासकारों के अनुसार, खूनी भंडारा कभी 108 स्रोतों से पानी जमा करता था और आज भी इसके कुछ स्रोत सक्रिय हैं। निमाड़ की कठोर जलवायु में यह संरचना स्थानीय जीवनरेखा बनी हुई है।सवाल उठता है कि इसे 'खूनी भंडारा' क्यों कहा जाता है? इसके पीछे एक दिलचस्प किंवदंती है। कहा जाता है कि जब यह भंडारा बन रहा था, तब कुछ लुटेरों ने स्थानीय निवासियों पर हमला कर दिया। हिंसा में कई लोग मारे गए और उनके शव इस संरचना में गिरा दिए गए। रक्त से रंगे पानी के कारण इसे 'खूनी भंडारा' कहा जाने लगा। हालांकि, यह सिर्फ लोककथा है, बात करें, तो इसकी प्रणाली आज की आधुनिक 'रेनवाटर हार्वेस्टिंग' से मिलती-जुलती है। वर्षाजल भूमि के नीचे बने जलाशय में संग्रहीत होता है, जहां मिट्टी और पत्थरों की प्राकृतिक परतें इसे छानने का काम करती हैं। यही वजह है कि इसमें संग्रहीत पानी वर्षों तक स्वच्छ और उपयोग योग्य बना रहता है। 'खूनी भंडारा' हमें यह याद दिलाता है कि जल संरक्षण केवल आधुनिक विज्ञान पर निर्भर नहीं है, बल्कि हमारी परंपराएं और पुरखों की दूरदर्शिता भी इसमें गहरी भूमिका निभाती है। यह धरोहर आज भी लोगों के जीवन में जल आपूर्ति का अहम स्रोत बनी हुई है। अगर हम ऐसी पारंपरिक जल संरचनाओं को संरक्षित करें और उनसे सीखें, तो भविष्य में जल संकट से निपटना आसान हो सकता है।

## डर के आगे हौसले की जीत होती है

कहा जाता है कि कश्मीरी खुद से और अपने परिवार के बाद सबसे ज्यादा प्यार टूरिस्ट से करते है, क्योंकि उनसे उनके परिवार का रोजगार चलता है। इस बार आतंकियों ने टूरिस्टों के सीने पर तो गोली मारी, लेकिन लाखों कश्मीरियों के चूल्हे की आग भी ठंडी कर दी। धरती पर बसे कुदरत के खूबसूरत शहर कश्मीर को देखने की इच्छा पूरी हुई। इंदौर से निकली फ्लाइट ने जब कश्मीर की कश्मीरियों ने आतंकी घटना के विरोध में पूरा कश्मीर बंद रखा। गलियों चौबारों में घटना के विरोध में प्रदर्शन हुए। कहा जाता है कि कश्मीरी खुद से और अपने परिवार के बाद सबसे ज्यादा प्यार टूरिस्ट से करते है, क्योंकि उनसे उनके परिवार का रोजगार चलता है। इस बार आतंकियों ने टूरिस्टों के सीने पर तो गोली मारी, लेकिन लाखों कश्मीरियों के चूल्हे की आग भी ठंडी कर दी। तनाव भरे माहौल के आगे बढ़ गए, लेकिन हम जैसे यहां हजारों लोग थे, जो डर को छोड़ कर आतंक के खौफ को हराने निकले थे। छोटे बच्चे, बूढ़े माता पिता के साथ केबल कार में जाने के लिए कतार लगी थी। हम भी पहाड़ पर थे। बर्फ की चादर देख कर बाकी बचा तनाव भी बर्फ में पिघल गया। लौटते समय ढाबे पर कश्मीरी खाना खाना नहीं भूले। पहाड़ों पर तैनात थे सेना के जवान दूसरे दिन हम सोनमर्ग के लिए





धरती पर कदम रखा तो बर्फीली पहाड़ों पर चमकीली धूप को भर भर कर देखते रहे। छोटी बेटी रूही ने नन्हा सा सवाल पूछा - पापा क्या हम यहां घर नहीं बना सकते? यहां रहने आ सकते है क्या?उस वक्त तो मैं मुस्कुरा दिया, लेकिन बेटी को जवाब शाम को श्रीनगर के माहौल ने दिया। दोपहर में पहलगाम पर टूरिस्टों पर अटैक हुआ। खुशनुमा माहौल में शंका के बादल मंडराने लगे। बेटी ने शाम को पूछा - पापा हमारी ट्रीप कैंसल क्यों हो गई? होटल से सब लोग सामान लेकर क्यों निकल रहे है। जिस ट्यूलिप गार्डन में हमें रीले बना कर निकले, वो बंद हो गया। शाम को रिश्तेदारों, दोस्तों के कॉल आने लगे। सब ठीक तो है न? क्या माहौल है वहां का, तुम सब लौट आओ... जैसी उनकी चिंताएं हमें भी सताने लगी। दूसरे दिन बीच हमने भी सोचा कि होटल की चार दिवारी में खुदवको कैद रखकर कश्मीर आने के फैसले को कोसने के बजाए निकला जाए। मैं पहले अकेला बाजार में माहौल देखने के निकला। गालियां सुनसान थी। जो लोग यहां वहां खड़े बतिया रहे थे, वे भी इस घटना से दुखी थे। मैने कार ड्राइवर आदिल को कॉल किया। उनसे बताया कि गुलमर्ग जा सकते है। वहां टूरिस्ट प्लेस पर रोक नहीं लगी। डर,चिंता, तनाव को लगेज में रख कर मैं, पत्नी और दोनों बेटियां निकल गए। इस हौसले के साथ कि जो भी होगा देखा जाएगा। 60 किलो मीटर का सफर तय कर गुलमर्ग पहुंचे। यहां बर्फ पर चलने वाले जूते किराए के लिए लेने गए, तो दुकान वाले ने कहा रहने दीजिए, आप लोग यहां आए है ये क्या कम है। उसके बात टालते हुए पांच सौ का नोट उसकी जेब में रखा और निकले, ये अच्छी बात थी कि इस घटना के बाद सोनमर्ग में भी टूरिस्टों के जाने पर रोक नहीं लगी। आतंकी हमला न हो, इसलिए पहाड़ों पर सेना के जवान तैनात थे। संगीन के साए में दोनों बेटियों ने स्नो मेन बनाए, एक दूसरे पर बर्फ फेंकी। एक कश्मीरी ने आकर पूछे - सर रील बनाना है क्या?वैसे 150 रूपए लगते है, आप 100 रूपए दे देना। उनका मन रखने के लिए तीन रील बनवा ली, फिर होटल लौट आए। जम्मू नेशनल हाईवे पांच जगह से टूटा है। सड़क से जम्मू नहीं जा सकते थे। माता के दरबार वैष्णो देवी पर जाने की इच्छा अधूरी रही। मजबूरी में श्रीनगर से दिल्ली तक की फ्लाइट करवानी पड़ी। पहलगाम सुरक्षा कारणों से बंदा था, वहां जाने का मन था, नहीं जा पाने का मलाल रहेगा।


# गर्मियों की छुट्टी में बिहार-यूपी जाने वाले यात्रियों की बढ़ी टेंशन, इन ट्रेनों का बदल गया शेड्यूल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने दिल्ली और आनंद विहार रेलवे स्टेशन से यूपी बिहार को होकर जाने वाली कई ट्रेनों के शेड्यूल में बड़ा बदलाव कर दिया है। यह बदलाव रेलवे प्रशासन द्वारा गोरखपुर-गोरखपुर कैंट तीसरी लाइन निर्माण के कारण किया जा रहा है। अगर आप गर्मियों की छुट्टियों के लिए बिहार या उत्तर प्रदेश जाने का प्लान बना रहे है तो यह खबर आपके लिए है। भारतीय रेलवे ने दिल्ली और आनंद विहार रेलवे स्टेशन से यूपी बिहार को होकर जाने वाली कई ट्रेनों के शेड्यूल में बड़ा बदलाव कर दिया है। जबकि कुछ ट्रेनों के रास्ते को बदल दिया गया है। इसके अलावा कुछ ट्रेन टाइम को बदल दिया गया है।दरअसल, रेलवे प्रशासन द्वारा गोरखपुर-गोरखपुर कैंट तीसरी लाइन निर्माण के परिप्रेक्ष्य में नॉन इंटरलॉक कार्य के दौरान टेस्टिंग ब्लॉक का काम किया जा रहा है। इसके चलते यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लंबी दूरी की गाड़ियों को निरस्तीकरण से बचाने के लिये गाड़ियों को शार्ट टर्मिनेट, शार्ट ओरिजिनेट, नियंत्रण और पुनर्निर्धारण के साथ ही मार्ग परिवर्तन कर दिया गया है।आनन्द विहार टर्मिनस से 26 अप्रैल, 2025 को चलने वाली 12572 आनन्द विहार टर्मिनलगोरखपुर एक्सप्रेस गोरखपुर की जगह पर अब नकहा जंगल में यात्रा समाप्त करेगी। यह गाडी नकहा जंगल से गोरखपुर के मध्य निरस्त रहेगी। वहीं, आनन्द विहार टर्मिनल से 03 मई, 2025 को चलने वाली 05306 आनन्द विहार टर्मिनस-छपरा विशेष गाड़ी मार्ग में नियंत्रित कर चलाई जाएगी। इसके अलावा मुजफ्फरपुर से चलने वाली 12557 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर से 27 अप्रैल को 03.00 घंटा और 30 अप्रैल, 2025 को 02.00 घंटा पुनर्निर्धारित कर चलाई जाएगी। जबकि मुजफ्फरपुर से 02 मई को चलने वाली 12211 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर से 05.00 घंटा पुनर्निर्धारित कर चलाई जाएगी।दरभंगा से 02 मई को चलने वाली 12565 दरभंगा-नई दिल्ली एक्सप्रेस निर्धारित मार्गछपरा-भटनी-गोरखपुर-गोण्डा-बाराबंकी-ऐशबाग-कानपुर सेन्ट्रल के स्थान पर (पुनर्निर्धारण समाप्त कर) छपरा-औड़िहार-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज जं.-कानपुर सेन्ट्रल के रास्ते चलाई जाएगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी सीवान, देवरिया सदर, गोरखपुर, गोण्डा, बादशाहनगर, ऐशबाग एवंउन्नाव स्टेशनों पर नहीं रूकेगी। आनन्द विहार टर्मिनल से 29 अप्रैल एवं 02 मई को चलने वाली 15558 आनन्द विहार टर्मिनल -दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोरखपुर कैंट-पनियहवा-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा केस्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर कैंट-भटनी-छपरा ग्रामीण-मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-दरभंगा के रास्तेचलायी जाएगी। दरभंगा से 28 अप्रैल और 01 मई को चलने वाली 15557 दरभंगा-आनन्द विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग दरभंगा-सीतामढ़ी-रक्सौल-पनियहवा-गोरखपुर कैंट के स्थान पर परिवर्तित मार्ग दरभंगा-सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर-छपरा ग्रामीण-भटनी-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलाई जाएगी।



# पीएम मोदी का दुनिया को संदेश अंग्रेजी में बोले- आतंकियों को धरती की छोर तक नहीं छोड़ेंगे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहलगाम आतंकी हमले के बाद पहली बार किसी सभा में थे। शुरुआत पहलगाम हमले में मृत लोगों को श्रद्धांजलि से की। फिर, बिहार में उन्होंने कुछ लाइनें अंग्रेजी में कही, ताकि दुनिया के कोने-कोने तक उनका संदेश साफ-साफ जाए।भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार से विश्व के नाम संदेश दिया। पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद वह पहली बार किसी जनसभा में थे। जनसभा के दौरान विकास की बातें हुईं, लेकिन इसकी शुरुआत पहलगाम हमले में मृत लोगों को श्रद्धांजलि देने से हुई और अंत आतंकवाद के खिलाफ भारत की ताकतवर घोषणा के साथ। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले हिंदी में आतंकवाद के खिलाफ अपनी योजना बताई और फिर दुनिया को संदेश देने के लिए अंग्रेजी में भी बोले।पंचायती राज दिवस पर बिहार के मधुबनी में विकास की बात करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सूखते गले तो तर करते हुए पानी पीया और फिर बोले- ठसाथियो, 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है, उससे पूरा देश व्यथित है। कोटि-कोटि देशवासी दुखी हैं। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। जिन परिवारजनों का अभी इलाज चल रहा है, वह जल्द स्वस्थ हों- इसके लिए भी सरकार हर प्रयास कर रही है। साथियो, इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया। किसी ने अपना भाई खोया। किसी ने अपना जीवनसाथी खोया।



# साउथ ब्लॉक पहुंचे कई देशों के राजदूत, विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने दी पहलगाम आतंकी हमले की जानकारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जर्मनी, जापान, पोलैंड, ब्रिटेन और रूस समेत कई देशों के राजदूत विदेश मंत्रालय के साउथ ब्लॉक स्थित कार्यालय पहुंचे। सूत्रों के अनुसार, विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने चुनिंदा देशों के राजदूतों को पहलगाम हमले के बारे में जानकारी दी।जर्मनी, जापान, पोलैंड, ब्रिटेन और रूस समेत कई देशों के राजदूत विदेश मंत्रालय के साउथ ब्लॉक स्थित कार्यालय पहुंचे। सूत्रों के अनुसार, विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने चुनिंदा देशों के राजदूतों को पहलगाम हमले के बारे में जानकारी दी।विदेश मंत्रालय ने जी20 देशों के चुनिंदा राजदूतों को पहलगाम आतंकी हमले के बारे में जानकारी दी, जिनमें चीन और कनाडा भी शामिल हैं। यह बैठक करीब 30 मिनट तक चली।इससे पहले बुधवार की आधी रात विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक साद अहमद को भी तलब किया। भारत सरकार ने साद को औपचारिक 'पर्सोना नॉन ग्राटा' नोट सौंपा। पर्सोना नॉन ग्राटा का सीधा मतलब यह होता है कि किसी राजनयिक या विदेशी व्यक्ति को किसी विशेष देश में प्रवेश या रहने से मना करना। भारत ने पाकिस्तान के सैन्य राजनयिकों के लिए ये नोट थमाया है। इसके बाद उन्हें एक हफ्ते के भीतर भारत छोड़ना होगा। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की मौत हो गई। जिसके एक दिन बाद बुधवार को सीसीएस की बैठक में कई फैसले लिए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में यह आपात बैठक करीब ढाई घंटे तक चली। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित अन्य वरिष्ठ मंत्री मौजूद रहे। इस बैठक में आतंकवादी हमले को गंभीरता से लिया गया और कई बड़े फैसले लिए गए। विदेश सचिव में बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि सीसीएस ने फैसला किया है कि नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में तैनात रक्षा, नौसेना और वायु सेना सलाहकारों को पर्सोना नॉन ग्राटा (अवांछित) घोषित किया गया है। उन्हें एक हफ्ते के भीतर भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग से भारत अपने सैन्य सलाहकारों को भी वापस बुलाएगा। सरकार ने अटारी चेक पोस्ट को भी तत्काल प्रभाव से बंद करने का फैसला किया। जो लोग वैध दस्तावेज के साथ पहले से ही इस मार्ग से भारत में प्रवेश कर चुके हैं, उन्हें 1 मई 2025 तक उसी मार्ग से लौटने को कहा गया है। भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि पर भी तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का फैसला लिया है। भारत ने यह भी घोषणा की कि पाकिस्तान के नागरिकों को अब सार्क वीजा छूट योजना के तहत भारत यात्रा की अनुमति नहीं दी जाएगी। पहले से जारी ऐसे सभी वीजा अब अमान्य माने जाएंगे और इस वीजा के तहत भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकं को 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया गया है।




# चीनी अंतरिक्ष यात्रियों वाला यान अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** चीन का अंतरिक्ष यान शेनझोउ-20 तीन अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से सफलतापूर्वक जुड़ गया। अब यह दल वैज्ञानिक प्रयोग करेगा और अक्तूबर में धरती पर लौटेगा। चीन ने एक बार फिर अंतरिक्ष क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। चीन मानवयुक्त यान में तीन अंतरिक्ष यात्री चेन डोंग, चेन झोंगरुई और वांग जी सवार हैं। ये दल अक्तूबर के अंत में पृथ्वी पर लौटेगा।चीन हर छह महीने में अपने तियांगोंग स्टेशन पर तीन सदस्यीय दल भेजता है। पिछले दल के 29 अप्रैल को धरती पर वापस लौटने की उम्मीद है। शेनझोउ-20 चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम की 35वीं उड़ान



अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए) के अनुसार, गुरुवार देर रात चीन का अंतरिक्ष यान शेनझोउ-20 तीन अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से सफलतापूर्वक जुड़ गया। ये तीनों जल्द ही स्टेशन के अंदर जाएंगे और वहां पहले से मौजूद अपने साथियों से मिलेंगे, जो पिछले छह महीने से वहां काम कर रहे हैं। बता दें कि इससे पहले, शेनझोउ-20 को उत्तर-पश्चिम चीन के जिउक्वान लॉन्च सेंटर से लॉन्च किया गया था। इसका सीधा प्रसारण सरकारी टीवी चैनल ने किया। और स्टेशन के विकास चरण का पांचवां मिशन है। इसके साथ ही चीन ने पहली बार दो पाकिस्तानी अंतरिक्ष यात्रियों को प्रशिक्षण देने का फैसला किया है। इनमें से एक मिशन में पेलोड विशेषज्ञ के रूप में शामिल होगा। वहीं इस मामले में जानकारी देते हुए सीएमएसए के प्रवक्ता लिन ज़िकियांग ने बताया कि यह नया दल अंतरिक्ष में ज़ेब्राफ़िश, प्लैनेरियन और स्ट्रेप्टोमाइस पर जीवन विज्ञान से जुड़े प्रयोग करेगा। खास बात यह है कि पहली बार चीन के स्टेशन पर प्लैनेरियन नाम का ऐसा जीव लाया गया है, जो अपने अंगों को दोबारा विकसित कर सकता है।

# एआईयूडीएफ के विधायक गिरफ्तार, पहलागांव आतंकी हमले के लिए सरकार को बताया था जिम्मेदार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले पर भारत विरोधी टिप्पणी करने वाले असम के एआईयूडीएफ



विधायक अमीनुल इस्लाम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विधायक ने इस हमले के लिए मोदी और शाह को जिम्मेदार बताया था। असम पुलिस ने गुरुवार को ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के ढिंग से विधायक अमीनुल इस्लाम को विवादास्पद बयान देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। विधायक ने दावा किया था कि पहलगाम में हुआ आतंकी हमला केंद्र सरकार की साजिश है। इस बीच, पार्टी प्रमुख ने इस्लाम के बयान के खुद को अलग कर लिया है। जबकि मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को ही कहा था कि जो भी असम की भूमि से पाकिस्तान का समर्थन करेगा, चाहे वह कितना ही बड़ा व्यक्ति क्यों न हो, हम उसे नहीं बख्शेंगे।ढिंग से विधायक अमीनुल इस्लाम ने बुधवार को कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह 2018 के पुलवामा हमले के पीछे थे और अब वही लोग पहलगाम हमले में भी शामिल हैं। यह बयान उन्होंने अपने क्षेत्र में होने वाले आगामी पंचायत चुनावों के लिए पार्टी उम्मीदवारों के प्रचार के दौरान दिया।उन्होंने कहा था, मुझे लगता है कि पुलवामा हमले में, जिसमें 2018 में केंद्र सरकार की भूमिका थी। भाजपा ने पुलवामा हमले के मुद्दे पर 2019 के आम चुनावों में मतदाताओं का ध्रुवीकरणकिया और चुनाव जीता। मैंने जांच की मांग की थी लेकिन कुछ नहीं हुआ। मुझे विश्वास है कि जैसे पुलवामा में हुआ, वैसे ही नरेंद्र मोदी सरकार की पहलगाम हमले में भी भूमिका है। अगर सरकार सच सामने नहीं लाती है, तो हमें मानने के लिए बाध्य होना पड़ेगा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह दोनों इन दोनों हमलों के पीछे थे इसके अलावा, इस्लाम ने यह भी दावा किया था कि आतंकियों ने हमला करते समय पीड़ितों की पहचान की पुष्टि नहीं की थी और अंधेरे का फायदा उठाकर पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं। जबकि उल्लेखनीय रूप से यह हमला दोपहर के समय हुआ था और घटना के वीडियो भी सामने आए हैं। साथ ही, कई बचे हुए लोगों ने पुष्टि की है कि हमलावरों ने पीड़ितों का धर्म जानने के बाद उन पर हमला किया। अमीनुल इस्लाम के बयान के बाद आक्रोश फैल गया, जिसके चलते पुलिस ने उन्हें नागांव ज़िले के ढिंग स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। अब उन्हें पूछताछ के लिए ढिंग से गुवाहाटी स्थानांतरित किया जा रहा है।इस बीच, एआईयूडीएफ प्रमुख बदरुद्दीन अजमल ने पार्टी विधायक अमीनुल इस्लाम के उस विवादास्पद बयान से अपनी पार्टी को अलग कर लिया है। अजमल ने कहा, मुझे बताया गया है कि पार्टी के विधायक अमीनुल इस्लाम को पहलगाम हमले पर उनके बयान के कारण गिरफ्तार किया गया है। मैंने उनका बयान सुना है, और यह दुर्भाग्यपूर्ण है। अजमल ने स्पष्ट किया कि इस्लाम के विचार उनके व्यक्तिगत विचार हैं और पार्टी की आधिकारिक सोच नहीं हैं। उन्होंने कहा, हम अपने राज्य की सरकार के साथ खड़े हैं, क्योंकि आतंकवादी न जाति देखते हैं, न धर्म।

# मंत्री दुरईमुरुगन की बढ़ी मुश्किलें, मद्रास हाई कोर्ट का आदेश आय से अधिक संपत्ति मामले में तय हों आरोप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** डीएमके महासचिव और तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन और उनके परिवार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला 2011 में सामने आया था। 2017 में वेल्लोर की एक विशेष अदालत ने उन्हें आरोप मुक्त कर दिया था। अब मद्रास हाईकोर्ट ने मंत्री के खिलाफ दोबारा आरोप तय करने का आदेश दिया है। तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री दुरई मुरुगन की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ रही हैं। मद्रास हाईकोर्ट ने गुरुवार को एक विशेष अदालत को आय से अधिक संपत्ति के मामले में मंत्री मुरुगन और उनकी पत्नी के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया। मद्रास हाईकोर्ट ने निचली अदालत के मुरुगन को बरी करने के फैसले को पलट दिया। गुरुवार को जस्टिस पी. वेलमुरुगन ने वेल्लोर की एक विशेष अदालत को दुरईमुरुगन और उनकी पत्नी के खिलाफ 2007-09 की अवधि के दौरान आय के ज्ञात स्रोतों से 1.40 करोड़ रुपये अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आरोप तय करने का निर्देश दिया। 2006-11 की डीएमके सरकार में उनके पास लोक निर्माण विभाग का प्रभार था।इससे पहले बुधवार को भी न्यायाधीश पी वेलमुरुगन ने वेल्लोर जिले की अदालत को निर्देश दिया था कि वह डीएमके महासचिव और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में अलग-अलग जांच अवधि (1996-2001) के साथ कानून के अनुसार आरोप तय करे।डीएमके महासचिव और तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन और उनके परिवार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला 2011 में सामने आया था। सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) ने दायर याचिका में कहा था कि जब दुरईमुरुगन 1996 से 2001 तक तमिलनाडु के लोक निर्माण विभाग (झ्रऊ) मंत्री थे, उस दौरान उन्होंने 3.92 करोड़ रुपये की संपत्ति अपने, अपने बेटे और अन्य रिश्तेदारों के नाम पर अर्जित की। यह संपत्ति उनकी आय से कहीं ज्यादा बताई गई है।2017 में वेल्लोर की एक विशेष अदालत ने दंपती को बरी कर दिया था। डीवीएसी ने इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इस पर न्यायाधीश ने विशेष अदालत को निर्देश दिया कि मामले में फिर से आरोप तय किए जाएं और छह महीने के भीतर सुनवाई पूरी की जाए। इसके साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि चूंकि मामला काफी पुराना है।




# गुरुद्वारे में तोड़फोड़ मामले में संदिग्धों की तस्वीरें जारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** वैंकूवर पुलिस विभाग के प्रवक्ता स्टीव एडिसन ने कहा, वाहन शनिवार सुबह 4 से 4:30 बजे के बीच अपराध के समय आसपास के क्षेत्र से होकर गुजरा। हमारा मानना है कि इन लोगों को इस अपराध और प्रेरणा के बारे में जानकारी हो सकती है। कनाडा के वैंकूवर में पुलिस ने पिछले हफ्ते रॉस स्ट्रीट पर खालसा दीवान सोसाइटी गुरुद्वारे में तोड़फोड़ करने के संदिग्ध एक वाहन और दो लोगों की तस्वीरें जारी की हैं। वैंकूवर सन की रिपोर्ट के अनुसार, जब शनिवार की सुबह इसे अंग्रेजी और पंजाबी दोनों में भित्तिचित्रों से स्प्रे किया गया था, तब ये संदिग्ध गुरुद्वारे के बाहर थे। इसमें बेअदबी वाले अपशब्द भी शामिल थे। पुलिस ने इनके चित्र जारी कर उन्हें पहचानने वालों को पुलिस या सार्जेंट से संपर्क करने को कहा है।मामले में वैंकूवर पुलिस विभाग के प्रवक्ता स्टीव एडिसन ने कहा, वाहन शनिवार सुबह 4 से 4:30 बजे के बीच अपराध के समय आसपास के क्षेत्र से होकर गुजरा।

# ट्रंप प्रशासन से दो-दो हाथ करने की तैयारी में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, एक अरब डॉलर की इक्विटी बेचने की योजना

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हार्वर्ड मैनेजमेंट कंपनी, जो अमेरिका में उच्च शिक्षा में मिलने वाले दान की निगरानी करती है, उसे जेफ्रीज फाइनेंशियल ग्रुप ने सलाह दी है कि संस्थान अपनी प्राइवेट इक्विटी को इक्विटी फर्म लेक्सिंगटन पार्टनर्स को बेचने पर विचार करे। ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के लिए स्वीकृत 2.2 अरब डॉलर के संघीय अनुदान और करीब 6 करोड़ डॉलर के अनुबंध को रोक दिया था। अब हार्वर्ड यूनिवर्सिटी भी लग रहा है कि सरकार के साथ दो-दो हाथ करने के मूड में है। दरअसल हार्वर्ड विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी दान निधि से करीब एक अरब डॉलर की निजी इक्विटी को बेचकर फंड जुटाने की तैयारी कर रहा है। गौरतलब है कि इस्राइल के गाजा पर हमले के खिलाफ और फलस्तीन के समर्थन में अमेरिकी विश्वविद्यालयों में बीते साल बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। इसे लेकर ट्रंप प्रशासन ने नाराजगी जताई थी। साथ ही अमेरिकी विश्वविद्यालयों में जलवायु पहल, ट्रांसजेंडर्स नीति और विविधता, समानता और समावेशी कार्यक्रम आदि को लेकर भी ट्रंप प्रशासन नाराज है और इन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। हालांकि विश्वविद्यालय ने इससे इनकार कर दिया है। हावर्ड ने बयान जारी कर कहा कि यह कदम विश्वविद्यालय की संवैधानिक आजादी और संप्रभुता के खिलाफ है। यूनिवर्सिटी ने अपने बयान में कहा कि सरकार की ये मांगें न सिर्फ कानूनी दायरे से बाहर हैं, बल्कि हमारे संस्थान के मूल्यों के खिलाफ भी हैं। कोई भी सरकार यह तय नहीं कर सकती कि हम क्या पढ़ाएं, किसे भर्ती करें या किस विषय पर शोध करें। साथ ही हार्वर्ड ने यह भी कहा कि वह संवाद के लिए तैयार है लेकिन ऐसे निर्देश नहीं मानेगा जो कानून से परे हैं। यही वजह है कि ट्रंप सरकार ने फंडिंग रोकने की धमकी दी है और कुछ फंडिंग को रोक भी लिया है।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हार्वर्ड मैनेजमेंट कंपनी, जो अमेरिका में उच्च शिक्षा में मिलने वाले दान की निगरानी करती है, उसे जेफ्रीज फाइनेंशियल ग्रुप ने सलाह दी है कि संस्थान अपनी प्राइवेट इक्विटी को इक्विटी फर्म लेक्सिंगटन पार्टनर्स को बेचने पर विचार करे। इससे पहले रिपोर्ट आई थी कि हार्वर्ड विश्वविद्यालय वाल स्ट्रीट से 7.5 करोड़ डॉलर उधार लेने पर विचार कर रहा है। हार्वर्ड के पास 53 अरब डॉलर की दान की निधि है और यह अमेरिकी विश्वविद्यालयों में सबसे ज्यादा है। येल यूनिवर्सिटी ने भी कहा है कि वे भी अपने निजी इक्विटी फंड को बेचने पर विचार कर रही है। इसी तरह कई अन्य विश्वविद्यालय जैसे प्रिंसटन यूनिवर्सिटी भी इस विकल्प पर विचार कर रही हैं।



# भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव पर संयुक्त राष्ट्र की नजर, कहा- दोनों देशों से संयम बरतने की अपील

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पहलगाम में बायसरन घाटी पर मंगलवार दोपहर हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान पर कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। पाकिस्तान भी गीदड़ भभकी दे रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव ने दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव पर संयुक्त राष्ट्र संघ की नजर है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस स्थिति को लेकर चिंतित हैं और बारीकी से नजर रख रहे हैं। गुटेरेस के प्रवक्ता ने कहा कि उन्होंने दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है। ताकि हालात और न बिगड़ें। गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि हम दो दिन पहले 22 अप्रैल को जम्मू और कश्मीर में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हैं। हालांकि गुटेरेस ने भारत-पाकिस्तान सरकारों से कोई सीधा संपर्क नहीं किया है, लेकिन मैं वह स्पष्ट रूप से स्थिति पर बहुत बारीकी और बड़ी चिंता के साथ नजर रख रहे हैं। महासचिव ने भारत और पाकिस्तान दोनों सरकारों से अपील की है कि वे अधिकतम संयम बरतें और यह सुनिश्चित करें कि स्थिति और जो घटनाक्रम हमने देखा है वह और न बिगड़े। दुजारिक ने कहा कि हमारा मानना है कि पाकिस्तान और भारत के बीच कोई भी मुद्दा शांतिपूर्ण तरीके से, सार्थक, आपसी बातचीत के जरिए सुलझाया जा सकता है और सुलझाया जाना चाहिए।सिंधु जल संधि को निलंबित करने के भारत के फैसले पर दुजारिक ने कहा कि मुझे लगता है कि यह हमारे द्वारा अधिकतम संयम बरतने की अपील और ऐसी कोई कार्रवाई न करने के दायरे में आएगा जो पाकिस्तान के हितों को नुकसान पहुंचाए। यह स्थिति को और खराब करना या तनावपूर्ण क्षेत्र में तनाव बढ़ाना है। उन्होंने पीड़ितों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की। दुजारिक ने बताया कि महासचिव ने कहा है कि नागरिकों के खिलाफ हमले किसी भी परिस्थिति में अस्वीकार्य हैं।जम्मू-कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट 'मिनी स्विटरलैंड' नाम से मशहूर पर्यटन स्थल पर मंगलवार दोपहर हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। यह 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे घातक हमला है। आतंकी बायसरन घाटी में घुस आए और पर्यटकों पर गोलीबारी शुरू कर दी।



# एम्स्टर्डम की मेयर ने 80 साल पहले हुए नरसंहार के लिए मांगी माफी, कहा- हमने यहूदियों को निराश किया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान एम्स्टर्डम में रहने वाले अनुमानित 80,000 यहूदियों में से केवल 20,000 ही जीवित बचे थे। यहूदियों के नरसंहार को लेकर मेयर फेमके हेल्सेमा ने यहूदियों से माफी मांगी है। एम्स्टर्डम की मेयर ने 80 साल पहले द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान यहूदियों के नरसंहार में शहर की भूमिका के लिए माफी मांगी। उन्होंने कहा कि तत्कालीन सरकार ने यहूदी निवासियों को बुरी तरह निराश किया। इस्राइल के नरसंहार स्मरण दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में मेयर फेमके हेल्सेमा ने कहा कि एम्स्टर्डम में सिविल सेवकों ने शहर के कुछ हजारों यहूदी नागरिकों की हत्या में सक्रिय भूमिका निभाई।द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान एम्स्टर्डम में रहने वाले अनुमानित 80,000 यहूदियों में से केवल 20,000 ही जीवित बचे थे। निर्वासित लोगों में डायरी लेखक ऐनी फ्रैंक और उनका परिवार भी शामिल था। केवल उनके पिता ओटो ही जीवित बचे। हेल्सेमा ने कहा कि जब बात एम्स्टर्डम सरकार की आई, तो वह वीर नहीं थी, दृढ़ निश्चयी नहीं थी और दयालु नहीं थी। उसने यहूदी निवासियों को बुरी तरह निराश किया। उन्होंने कहा कि शहर की सरकार की ओर से मैं इसके लिए माफी मांगती हूं। हेल्सेमा ने हॉलैंडशे शॉबर्ग में भाषण दिया। हॉलैंडशे शॉबर्ग एक थिएटर था जो शिविरों में निर्वासित किए गए यहूदियों के केंद्र के रूप में संचालित होता था। उन्होंने कहा कि कैसे नगरपालिका ने यहूदी नागरिकों के पंजीकरण और यहूदियों के रहने के स्थानों के कार्ड बनाने में मदद की।



# बॉलीवुड/टेली मसाला

## सिनेमा हॉल आधे रेस्टोरेंट बन गए हैं', गजराज राव ने फिल्मों के महंगे टिकट पर जताई चिंता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अभिनेता गजराज राव ने फिल्मों के महंगे टिकट पर चिंता व्यक्त करते हुए ओटीटी की भूमिका



पर भी बात की है। उन्होंने दर्शकों को सिनेमाघरों में वापस लाने के लिए कुछ सुझाव भी दिए हैं।पिछले कुछ वक्त से बॉलीवुड इंडस्ट्री मुश्किल वक्त से गुजर रही है। बड़ा बजट और बड़े नाम होने के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। ऐसे में अब बॉलीवुड के लिए ये लगातार चिंता की बात बनी हुई है। अब अभिनेता गजराज राव ने ऐसी परिस्थिति को लेकर अपने सुझाव दिए हैं, जिससे इस हालत में सुधार किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने ये भी बताया है कि आखिर क्यों ये चीजें बदली हैं। इस दौरान गजराज राव ने ओटीटी की बढ़ती लोकप्रियता और टिकट प्राइज को लेकर भी बात की। उन्होंने ये भी बताया कि दर्शकों को सिनेमाघरों तक लाने के लिए क्या करना पड़ेगा।हाल ही में एएनआई के साथ बातचीत में गजराज राव ने बॉलीवुड की हालत को लेकर बात की। ओटीटी की बढ़ती लोकप्रियता का जिक्र करते हुए अभिनेता ने कहा, डिजिटल क्रांति और ओटीटी प्लेटफॉर्म की बदौलत दुनिया भर की कहानियां और फिल्में जिन्हें हम पहले केवल फिल्म समारोहों या डीवीडी लाइब्रेरी में देखते थे, अब घर पर देख सकते हैं। यह एक बड़ी वजह है कि लोगों के पास अब बहुत सारे विकल्प हैं पहले विकल्प सीमित थे। अब अचानक ओटीटी के बाद ऐसा हो गया है कि आधा किलोमीटर का बुफे लगा हुआ है, तो दर्शकों के लिए बहुत अच्छी बात है कि उनको दुनिया भर की कहानियां देखने मिल रही हैं। इसलिए स्वाभाविक रूप से उनकी उम्मीदें भी बढ़ गई हैं। वे हमसे भी अलग-अलग तरह की कहानियां देखना चाहते हैं।गजराज राव ने फिल्मों के महंगे टिकट को लेकर भी बात करते हुए कहा, सिनेमा मालिकों को कुछ सुविधाओं को कम करके टिकट की कीमतें कम करनी चाहिए ताकि मध्यम वर्ग के परिवार एक बार फिर सिनेमाघरों में लौट सकें। अगर हम चाहते हैं कि दर्शक सिनेमा हॉल में वापस आएं, तो टिकट की कीमतों में एक बड़े बदलाव की जरूरत है। सिनेमा हॉल आधे रेस्टोरेंट बन गए हैं। सिनेमा को सिनेमा जैसा महसूस होना चाहिए। कोई व्यवधान नहीं होना चाहिए। सिनेमा देखने का मतलब है एक अच्छी फिल्म, एक अच्छी कहानी और स्वादिष्ट पॉपकॉर्न।वहीं बॉलीवुड में अच्छी फिल्मों के न बनने पर गजराज राव ने कहा, मेरा मानना है कि हम फिल्म निर्माताओं पर ध्यान न देने या अच्छी फिल्में न बनाने का आरोप लगाने में बहुत जल्दी करते हैं। लेकिन क्या आपको लगता है कि कोई भी खराब फिल्म बनाना चाहता है और जानबूझकर अपने काम को नुकसान पहुंचाना चाहता है? कोई भी ऐसा नहीं करता। हर कोई कोशिश करता रहता है। 50, 70 और 80 के दशक में भी खराब फिल्में बनीं हैं। अच्छा और बुरा सिनेमा हमेशा से रहा है। अच्छी और बुरी कहानियां हमेशा से रही हैं।

## शर्मिन सहगल के घर जल्द गूंजेगी किलकारी, हीरामंडी एक्ट्रेस ने बिजनेसमैन अमन मेहता से की है शादी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हीरामंडी एक्ट्रेस शर्मिन सहगल जल्द ही मां बनने वाली हैं। उनकी शादी अमन मेहता से हुई है। जो टोरेंट ग्रुप के एक प्रभाग, टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स के कार्यकारी निदेशक हैं। यह इन इंस्टाग्राम पर दावा किया है कि शर्मिन मां बनने वाली हैं। हालांकि, शर्मिन या अमन की ओर से अभी तक इस खबर की पुष्टि नहीं हुई है। न्यूज 18 की एक खबर के मुताबिक, शर्मिन की शादी अमन मेहता से हुई है, जो टोरेंट



दोनों का पहला बच्चा है।फिल्म निर्माता-निर्देशक संजय लीला भंसाली की भतीजी शर्मिन सहगल ने 2024 में उन्हीं की वेब सीरीज 'हीरामंडी' में अभिनय की शुरुआत की थी। 2023 में, उन्होंने बिजनेसमैन अमन मेहता से शादी की। अब यह जोड़ा अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहा है।शर्मिन सहगल, जो संजय लीला भंसाली की फिल्म 'हीरामंडीः द डायमंड बाजार' से मशहूर हुईं, अपने पति अमन मेहता के साथ अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। विक्की लालवानी ने फार्मास्यूटिकल्स के कार्यकारी निदेशक हैं। दोनों ने नवंबर 2023 में इटली में शादी की। अमन मेहता के पिता समीर मेहता की कई बिलियन डॉलर संपत्ति के मालिक है। मई 2024 में 'हीरामंडी' रिलीज होने के बाद शर्मिन को उनके अभिनय के लिए आलोचना झेलनी पड़ी। वह भंसाली की भतीजी हैं और उन्होंने सीरीज में आलमजेब का किरदार निभाया। ट्रोलिंग पर शर्मिन ने कहा कि उन्होंने अपने मानसिक स्वास्थ्य पर काम किया है और दर्शकों की प्रतिक्रियाओं के लिए तैयार थीं।

## सलमान के साथ विवाद और छिन गए गायकी के कई मौके, अरिजीत सिंह की जिंदगी से जुड़े 10 बड़े किस्से


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के मशहूर गायक अरिजीत सिंह का जन्म 25 अप्रैल 1987 को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुआ था। आज वह



38वां जन्मदिन मना रहे हैं। आज के नए दौर में भी संगीत की दुनिया में कई ऐसे गायक हैं, जो अपनी रूहानी आवाज से लोगों को सिर्फ दीवाना ही नहीं बनाते, बल्कि उन्हें उनकी यादों की दुनिया में ले जाते हैं। उन्हीं गायकों में से एक हैं अरिजीत सिंह, जिन्होंने अपनी आवाज और गायकी से करोड़ों फैंस को अपना दीवाना बना रखा है। अपनी आवाज से सबको मदहोश कर देने वाले अरिजीत सिंह आज बॉलीवुड के सबसे लोकप्रिय और प्रतिभाशाली गायकों में से एक हैं। उनकी मखमली आवाज और भावनात्मक गायकी ने उन्हें करोड़ों दिलों का चहेता बना दिया। अरिजीत का जन्म 25 अप्रैल 1987 को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुआ था। आज उनके 38वें जन्मदिन के मौके पर आइए उनके करियर और निजी जीवन से जुड़े 10 बड़े किस्सों पर नजर डालते हैं...अरिजीत ने सिंगिंग रियलिटी शो 'फेम गुरुकुल' में हिस्सा लिया, लेकिन जीत नहीं पाए। 'फेम गुरुकुल' में हार के बाद अरिजीत ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने रियलिटी शो '10 के 10 ले गए दिल' में हिस्सा लिया, जहां उनका मुकाबला फेम गुरुकुल और इंडियन आइडल के विनर्स से था। अरिजीत ने यह शो जीता और 10 लाख रुपये की प्राइज मनी से मुंबई में अपना रिकॉर्डिंग स्टूडियो बनाया। इस जीत ने उन्हें म्यूजिक प्रोड्यूसर और सिंगर के रूप में नई शुरुआत दी।अरिजीत का बॉलीवुड डेब्यू 2011 में मर्डर 2 के गाने 'फिर मोहब्बत' से हुआ, जिसे मिथुन ने कंपोज किया था। यह गाना 2009 में रिकॉर्ड हुआ था, लेकिन 2011 में रिलीज हुआ। इस गाने ने अरिजीत को पहचान दिलाई और म्यूजिक डायरेक्टर्स की नजर में लाया। यह गाना उनकी मेहनत और धैर्य का नतीजा था, क्योंकि उस समय वे प्रीतम जैसे डायरेक्टर्स के साथ असिस्टेंट के तौर पर काम कर रहे थे।2013 में आशिकी 2 का गाना 'तुम ही हो' अरिजीत के करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। इस गाने को म्यूजिक डायरेक्टर मिथुन ने कंपोज किया था और प्रीतम की सलाह पर अरिजीत को यह गाना मिला। यह गाना पहले किसी बड़े सिंगर के लिए विचार किया जा सकता था, जैसा कि उस समय बड़े प्रोजेक्ट्स में आम था, लेकिन अरिजीत की भावनात्मक आवाज ने इसे अमर बना दिया। इस गाने ने उन्हें रातोंरात स्टार बनाया और पहला फिल्मफेयर अवॉर्ड दिलाया।2014 में एक गिल्ड अवॉर्ड शो में अरिजीत सिंह और सलमान खान के बीच हुई तल्खी ने सुर्खियां बटोरीं। अरिजीत आशिकी 2 के गाने 'तुम ही हो' के लिए अवॉर्ड लेने स्टेज पर पहुंचे। इस दौरान वह कैजुअल कपड़ों और चप्पल में देर से आए। सलमान शो होस्ट कर रहे थे और उन्होंने मजाक में पूछा, 'सो गए थे क्या?' अरिजीत ने जवाब दिया, 'आप लोगों ने सुला दिया।' इस टिप्पणी को सलमान ने अपनी होस्टिंग पर तंज माना। इसके बाद सलमान ने कथित तौर पर अरिजीत को अपनी फिल्मों में गाने से रोक दिया।सलमान खान के साथ विवाद का असर अरिजीत के करियर पर पड़ा। 2016 में सुल्तान के लिए अरिजीत ने 'जग घूमेया' गाना रिकॉर्ड किया था।

## मुस्लिम होने के नाते मैं हिंदुओं और भारतीयों से माफी मांगती हूं', पहलगाम आतंकी हमले पर बोलीं हिना

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले की घटना पर फिल्मी सितारे एकजुट हैं। वे देश के साथ खड़े हैं और आतंकियों के खिलाफ कठोर



एक्शन की मांग कर रहे हैं। हाल ही में हिना खान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर दुख जताया है।जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने पर्यटकों पर कायराना हमला किया। इसमें 26 पर्यटकों की जान चली गई। इस घटना पर पूरे देश में उबाल है। फिल्मी सितारे भी एकजुट होकर आतंकी हमले की इस घटना की कड़ी निंदा कर रहे हैं और सख्त एक्शन की मांग कर रहे हैं। अभिनेत्री हिना खान ने इस घटना पर दुख जताते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा कि इस घटना का असर उनकी मानसिक सेहत पर पड़ा है। हिना खान ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर लिखा है, 'संवेदनाएं। काला दिन। नम आंखें। आलोचना, करुणा की पुकार। अगर हम हकीकत को स्वीकारने में फेल रहते हैं तो कुछ भी मायने नहीं रखता। अगर हम स्वीकार नहीं करते कि वास्तव में क्या हुआ, खासकर मुस्लिम होने के नाते तो बाकी सब सिर्फ बातें हैं। साधारण बातें.. कुछ ट्वीट और बस..! जिस तरह से अमानवीय, ब्रेनवॉश आतंकवादियों ने घटना को अंजाम दिया, जो मुस्लिम होने का दावा करते हैं, वह भयावह से भी परे है। मैं कल्पना नहीं कर सकती कि अगर किसी मुस्लिम को बंदूक की नोक पर अपना धर्म बदलने के लिए मजबूर किया गया और उसके बाद उसे मार दिया गया। मेरा दिल बुरी तरह टूट गया है'। हिना खान ने आगे लिखा है, 'एक मुस्लिम होने के नाते मैं अपने सभी साथी हिंदुओं और अपने साथी भारतीयों से माफी मांगना चाहती हूं। हमले में जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई, एक भारतीय के तौर पर दिल टूट गया। एक मुस्लिम के तौर पर दिल टूट गया। पहलगाम में जो हुआ, उसे मैं भूल नहीं सकती। इस घटना का असर मुझ पर और मेरी मानसिक स्थिति पर पड़ा है।

## हिट 3 ' की रिलीज से पहले नानी का खुलासा, इस उम्रदराज अभिनेता की तरह रोल निभाना चाहते हैं एक्टर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** साउथ स्टार नानी की एक्शन ड्रामा फिल्म 'हिट 3 द थर्ड केस' अगले महीने रिलीज होगी, उससे



पहले नानी ने एक इंटरव्यू में बताया की वह अब ओल्ड आदमी की भूमिका निभाना चाहते हैं।नानी अपने करियर में लगातार सफल फिल्में दे रहे हैं और अब अपनी नई फिल्म 'हिट 3' की रिलीज के लिए वह तैयार है। इसी बीच उन्होंने अपनी एक इच्छा जाहिर करते हुए कहा है कि वह बॉलीवुड के इस हीरो की तरह उम्रदराज किरदार निभाना चाहते हैं।123 डॉट कॉम की एक खबर के मुताबिक, एक इंटरव्यू में नानी ने बताया कि वे उम्रदराज किरदार निभाने के लिए उत्साहित हैं। वे अपनी उम्र से और बड़े होने का इंतजार कर रहे हैं ताकि अलग और अनोखे रोल कर सकें। नानी ने कहा कि वह बॉलीवुड महानायक अमिताभ बच्चन जैसे उम्र के हिसाब से किरदार निभाना चाहते हैं और हर फिल्म में शानदार अभिनय करना चाहते हैं।नानी की फिल्म 'हिट 3' 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इन दिनों नानी इस फिल्म का प्रमोशन जमकर कर रहे हैं। 'हिटः द थर्ड केस' एक तेलुगु -भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसे सैलेश कोलानू ने लिखा और निर्देशित किया है। इसे प्रशांति टिपिरनेनी और नानी ने वॉल पोस्टर सिनेमा और यूनिनस प्रोडक्शंस के तहत निर्मित किया गया है।

## मुंबई में 'फुले' की हुई विशेष स्क्रीनिंग, पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में टीम ने पहने काले बैज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मुंबई में फिल्म फुले की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की गई, जिसमें प्रतीक गांधी और हुमा कुरैशी, अभिनेता अभिषेक बनर्जी, दीपक डोबरियाल, फिल्म निर्माता राहुल ढोलकिया और प्रोड्यूसर सुनील जैन व रितेश कुडेचा







पत्रलेखा सहित पूरी टीम शामिल हुई। पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में टीम ने काले बैज लगाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। सामाजिक सुधारक ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित बहुप्रतीक्षित बायोपिक 'फुले' की खास स्क्रीनिंग गुरुवार शाम मुंबई में आयोजित की गई। इस फिल्म में प्रतिक गांधी और पत्रलेखा ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। स्क्रीनिंग के दौरान फिल्म की टीम के सदस्यों ने काले रंग के पिन बैज पहने और हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों की याद में एक मिनट का मौन रखा।इस आयोजन में अभिनेता प्रतीक गांधी और पत्रलेखा के साथ-साथ पत्रलेखा के पति और अभिनेता राजकुमार राव भी मौजूद थे। बॉलीवुड के कई अन्य सितारे भी इस खास मौके पर पहुंचे, जिनमें, गीतकार जावेद अख्तर, अभिनेत्री शामिल थे। फिल्म को लेकर निर्माता सुनील जैन ने इस मौके पर कहा, ठज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले निडर समाज सुधारक थे, जिन्होंने जाति और लैंगिक असमानता जैसी गहरी जड़ों वाली बुराइयों को चुनौती दी। उन्होंने महिलाओं और वंचित वर्गों की शिक्षा के लिए अथक संघर्ष किया। यह फिल्म उनकी असाधारण विरासत को हमारी विनम्र श्रद्धांजलि है।'फुले' का निर्माण डांसिंग शिवा फिल्म्स और किंग्समेन प्रोडक्शंस ने किया है, जबकि इसका थिएट्रिकल रिलीज जी स्टूडियोज द्वारा किया जा रहा है। फिल्म का निर्देशन अनंत महादेवन ने किया है, जिसमें प्रतीक गांधी ज्योतिराव फुले और पत्रलेखा सावित्रीबाई फुले की भूमिका में हैं। फिल्म में जातिगत भेदभाव और लैंगिक असमानता के खिलाफ उनके संघर्ष को प्रभावशाली तरीके से पेश करने की कोशिश की गई है।

## क्या है 'ग्राउंड जीरो' की सच्ची कहानी, कौन था गाजी बाबा, कैसे मारा गया आतंकी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इमरान हाशमी की फिल्म 'ग्राउंड जीरो' इस शुक्रवार 25 अप्रैल को रिलीज हो रही है। आखिर क्या हुआ था उस रात जब गाजी बाबा को मारा गया था। जानिए पूरी कहानी...फिल्म 'ग्राउंड जीरो'में इमरान हाशमी एक बीएसएफ अधिकारी की भूमिका में हैं, जो नरेंद्र नाथ दुबे से प्रेरित है। सई ताम्हणकर उनकी पत्नी और जोया हुसैन और रजत कपूर भी अहम किरदार में नजर आएंगे। आइए जानते हैं फिल्म की कहानी क्या है एनडीटीवी मूवीज की एक खबर के मुताबिक, 'ग्राउंड जीरो' एक ऐसी फिल्म है, जो भारत के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक महत्वपूर्ण मिशन को दिखाती है। इस मिशन में जैश-ए-मोहम्मद के खतरनाक आतंकवादी गाजी बाबा को मार गिराया गया था, जो 2001 के भारतीय संसद हमले का मास्टरमाइंड था। गाजी बाबा, जिसका असली नाम राणा ताहिर नदीम था, जैश-ए-मोहम्मद का एक खूंखार कमांडर था। वह 2001 के संसद हमले सहित कई आतंकवादी हमलों में शामिल था। पाकिस्तान में छिपकर वह आतंक फैलाता था और भारतीय सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ा खतरा था।2003 में बीएसएफ अधिकारी नरेंद्र नाथ दुबे के नेतृत्व में एक खुफिया ऑपरेशन चलाया गया था। एक आतंकवादी की पूछताछ से मिले सुराग के आधार पर श्रीनगर के नूरबाग में गाजी बाबा के ठिकाने पर छापा मारा गया। सुबह 4:10 बजे शुरू हुए इस ऑपरेशन में एक गुप्त कमरे का पता चला, जहां गाजी बाबा छिपा था।

## पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार 'अंदाज अपना अपना', एडवांस बुकिंग में 'ग्राउंड जीरो' से निकली आगे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**अंदाज अपना अपना' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए फिर से तैयार है। एडवांस बुकिंग में यह फिल्म 'ग्राउंड जीरो' से काफी आगे निकल चुकी है।साल 1994 में रिलीज हुई फिल्म 'अंदाज अपना अपना' अपने समय में बॉक्स ऑफिस पर कोई बड़ा धमाल नहीं कर पाई थी। हालांकि, इन तीन दशकों में इस फिल्म ने ऐसी लोकप्रियता हासिल की है कि आज इसे 'कल्ट क्लासिक' का दर्जा मिल चुका है। अमर, प्रेम, तेजा और क्राइम मास्टर गोगो जैसे किरदारों से लेकर फिल्म के मजेदार सीन और डायलॉग्स तक, सब कुछ आज भी दर्शकों के दिलों में बसा हुआ है। अब यह फिल्म 25 अप्रैल यानी आज से एक बार फिर सिनेमाघरों में दस्तक दे रही है। इस बीच फिल्म की एडवांस टिकट बुकिंग ने सबका ध्यान खींचा है। पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार 'अंदाज अपना अपना' ने पहले दिन के लिए देश के टॉप तीन सिनेमा चेन्स पीवीआर, इनॉक्स और सिनेमापोलिस में लगभग 5500 टिकटें बेची हैं। पुरानी फिल्मों के लिए आमतौर पर स्पॉट बुकिंग्स ज्यादा मायने रखती हैं, लेकिन इस



फिल्म की एडवांस बुकिंग का रुझान काफी उत्साहजनक है। दिलचस्प बात यह है कि यह आंकड़ा आज ही रिलीज हो रही नई फिल्म 'ग्राउंड ज़ीरो' से भी बेहतर है। इमरान हाशमी की इस फिल्म ने अब तक केवल 4000 टिकटें बेची हैं। हालांकि, 'ग्राउंड जीरो' को अच्छे रिव्यूज और सकारात्मक चर्चा से फायदा मिल सकता है।आज जहां 'अंदाज़ अपना अपना' और 'ग्राउंड जीरो' सिनेमाघरों में दस्तक दे रही हैं। वहीं, सनी देओल की 'जाट' और अक्षय कुमार की 'केसरी 2' पहले से ही सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही हैं। बुधवार और गुरुवार को इन दोनों फिल्मों की कमाई में कमी देखी गई है। ऐसे में नई रिलीज होने वाली फिल्में इन्हें कड़ी टक्कर दे सकती हैं। 'केसरी 2' एक हफ्ते के बाद 50 करोड़ रुपये के आंकड़े के करीब पहुंच रही है, जबकि 'जाट' ने 80 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। हालांकि, 'जाट' के लिए 100 करोड़ का आंकड़ा छूना अब मुश्किल लग रहा है।अंदाज अपना अपना की बात करें तो फिल्म में आमिर खान, सलमान खान, करिश्मा कपूर, रवीना टंडन, शक्ति कपूर और परेश रावल जैसे सितारों ने अभिनय किया था। फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी ने किया था।

## सिनेमाघरों में दर्शकों को निहारती दिखी 'केसरी 2', जानें गुरुवार के दिन 'जाट' से लेकर 'ओडेला 2' तक का कलेक्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** गुरुवार के दिन बॉक्स ऑफिस पर भारी गिरावट देखने को मिली। अक्षय कुमार की 'केसरी 2' से लेकर 'ओडेला 2' तक को



नहीं मिल रहे दर्शक। आइए जानते हैं इन फिल्मों का क्या रहा कलेक्शन।लिए अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म 'केसरी 2' को सिनेमाघरों में रिलीज हुए सात दिन हो चुके हैं। करण सिंह त्यागी के निर्देशन में बनी यह फिल्म जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद हुई घटनाओं पर आधारित है। फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने बीते दिन यानी गुरुवार को 3.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। आपको बताते चलें कि 'केसरी 2' ने अपने ओपनिंग डे के दिन 7.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। दूसरे दिन फिल्म ने इजाफा करते हुए 9.50 करोड़ रुपये कमाए। रविवार को इसने 12 करोड़ रुपये का कारोबार कर डाला। वहीं, इसके बाद से फिल्म में भारी गिरावट देखने को मिली। अभी तक फिल्म ने कुल मिलाकर 46.10 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। इस फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा आर माधवन, अनन्या पांडे ने मुख्य भूमिका निभाई है।सनी देओल की 'जाट' ने बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन करने के बाद अब सिमटती हुई नजर आ रही है। यह फिल्म सिनेमाघरों में 10 अप्रैल को रिलीज हुई थी। अब बीते हफ्ते से फिल्म में काफी तेज गिरावट देखन को मिली। गुरुवार के दिन 'जाट' ने सिर्फ 1.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। वहीं बात करें कुल कलेक्श की तो अभी तक फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 80.75 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। इस फिल्म में सनी देओल के अलावा विनीत कुमार सिंह, रणदीप हुड्डा जैस दिग्गज कलाकार मौजूद हैं।दक्षिण भारतीय फिल्मों के स्टार अजित कुमार इस समय अपनी फिल्म 'गुड बैड अग्ली' से चर्चा में हैं। लगभग 30 करोड़ से अपने ओपनिंग डे की शुरुआत करने वाली फिल्म अब पिछले हफ्ते से बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों को ढूढ़ती नजर आ रही है। गुरुवार को 'गुड बैड अग्ली' ने 1.25 करोड़ रुपए कमाए थे। वहीं, अभी तक कुल फिल्म के कुल कलेक्शन की बात करें तो 144.63 करोड़ रुपये रहा।तमन्ना भाटिया की 'ओडेला 2' का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार था। हालांकि, फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर अब बुरा हाल है। गुरुवार के दिन 'ओडेला 2' ने 29 लाख रुपये का कलेक्शन किया था। अगर फिल्म के कुल कलेक्शन की बात करें तो अभी तक तमन्ना भाटिया की फिल्म ने 5.03 करोड़ रुपये कमाए हैं।

स्वात्वाधिसकसार एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सस्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0-09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोट- इस समाचार पत्र मे प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हंतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगा।